


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 29 मार्च 2026 दिन - रविवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 8 अंक - 60 मूल्य - 5 रुपये









## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**मुंबई, (भाषा)।** रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का शनिवार शाम मुंबई में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। विजयपत सिंघानिया बेटे एवं समूह के वर्तमान अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनके निधन की जानकारी साझा की। रेमंड समूह के प्रवक्ता ने बताया कि सिंघानिया का अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। पद्म भूषण से सम्मानित विजयपत सिंघानिया एक कुशल पायलट भी थे और उन्होंने 'हॉट एअर बैलून' में सबसे अधिक ऊंचाई हासिल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने वर्ष 2000 तक रेमंड के चेयरमैन के रूप में दो दशक तक जिम्मेदारी संभाली। गौतम को कंपनी की बागडोर सौंपने के बाद विजयपत ने कंपनी में अपनी पूरी 37 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने बेटे को हस्तांतरित कर दी। कुछ साल पहले विजयपत सिंघानिया और उनके बेटे के बीच कानूनी विवाद हुआ था, लेकिन बाद में उन्होंने मामले को सुलझा लिया था।

# सऊदी अरब स्थित सैन्य अड्डे पर ईरानी हमले में 15 अमेरिकी सैनिक हुए घायल

**वाशिंगटन, (एपी)।** *ईरान के साथ जारी युद्ध में घायल हुए अमेरिकी सैनिकों की संख्या 300 के पार पहुंच गई है। सऊदी अरब के एक सैन्य अड्डे पर इस सप्ताह हुए हमलों में दो दर्जन से अधिक अमेरिकी सैनिक*



घायल हुए। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शुक्रवार को ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई ठिकाने पर छह बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बताई गई है।

अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को घोषणा की कि पश्चिम एशिया में और अधिक अमेरिकी सेना पहुंच रही है और लगभग 2,500 मरीन सैनिकों को लेकर नौसेना का एक जहाज क्षेत्र में पहुंच रहा है। जल-रोधी हमलावर पोत यूएसएस त्रिपोली और उस पर सवार 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट के जवान जापान में तैनात थे। वे ताइवान के आसपास के क्षेत्र में अभ्यास कर रहे थे, तभी लगभग दो सप्ताह पहले उन्हें पश्चिम एशिया में तैनात होने का आदेश मिला। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ÷थल सेना के बिना ही अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप को कई तरह की आकस्मिक स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा और अमेरिकी सेनाएं राष्ट्रपति को अधिकतम विकल्प और आकस्मिक स्थितियों के उत्पन्न होने पर उनसे निपटने का अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए÷ उपलब्ध हैं। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को कहा था कि एक महीने से जारी इस संघर्ष में 300 से अधिक सैनिक घायल हुए हैं। इनमें से अधिकतर स्वस्थ होकर फिर से ड्यूटी पर लौट चुके हैं, जबकि 30 अब भी सेवा के लिए योग्य नहीं हैं और 10 को गंभीर रूप से घायल माना जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है, जब प्रिंस सुल्तान हवाई ठिकाने को ईरान ने निशाना बनाया है। एक मार्च को हुए हमले में अमेरिकी सेना के 26 वर्षीय सार्जेंट बेंजामिन एन. पेनिंगटन घायल हो गए थे और कुछ दिनों बाद उनकी मौत हो गई। वह इस युद्ध में मारे गए 13 अमेरिकी सैनिकों में शामिल हैं।




## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक बालाघाट) में वेटर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क करें..
मो. 9301210805, 7000671780


# बलात्कार मामले में नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर न्यायालय ने जताई कड़ी आपत्ति..

**नयी दिल्ली, (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की 'कड़ी भर्त्सना' की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, ''कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।'' न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और ÷संभवतः ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो बलात्कार सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें (पीड़िताओं को) सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। पीठ ने कहा, ''कानून में यह नियम काफी समय से मौजूद है, लेकिन व्यवहार में इसका ठीक से पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे मुख्य वजह निचली अदालतों की लापरवाही और ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति पर्याप्त समझ या जागरूकता की कमी है। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गई, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलना पड़ सकता है और आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, ''स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।''

# विवाहित व्यक्ति तलाक लिए बिना लिव-इन में नहीं रह सकते : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज, (भाषा)।** *इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि शादीशुदा महिला और पुरुष अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए उनसे तलाक लिए बगैर किसी तीसरे व्यक्ति के साथ कानूनी रूप से सहजीवन (लिव इन) संबंध में नहीं रह सकते।*




न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने कहा कि सक्षम अदालत से तलाक हासिल किए बिना न्यायालय लिव-इन संबंध में रहने वाले याचिकाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई रिट या निर्देश जारी नहीं कर सकता है। बहरहाल, अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता परेशान हैं या उन्हें किसी प्रकार की हिंसा की आशंका है तो वे एक विस्तृत प्रार्थना पत्र देकर संबंधित पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर सकते हैं और संबंधित अधिकारी प्रार्थना पत्र की विषय वस्तु की जांच कर याचिकाकर्ताओं के जीवन की सुरक्षा के लिए कानून के मुताबिक आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने अंजू और उसके पुरुष साथी द्वारा दायर याचिका निस्तारित कर दी जिसमें प्रतिवादियों को उनके ''शांतिपूर्ण जीवन'' में दखल नहीं देने और सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि ''दोनों याचिकाकर्ता पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है।'' राज्य सरकार के स्थायी अधिवक्ता ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ता किसी अन्य व्यक्तियों के साथ विवाहित हैं और इन याचिकाकर्ताओं का साथ रहना ''अवैध'' है क्योंकि इन्होंने अपने जीवन साथी से तलाक नहीं लिया है। इस पर अदालत ने कहा, ''ऐसी स्थिति में लिव-इन संबंध में होने का दावा करने वाले इन याचिकाकर्ताओं को भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए सुरक्षा नहीं दी जा सकती।''

अदालत ने 20 मार्च को दिए अपने निर्णय में कहा, दो वयस्क व्यक्तियों की निजी स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसी को भी नहीं है और उनके माता पिता तक उनके संबंधों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। लेकिन, स्वतंत्रता का अधिकार या निजी स्वतंत्रता का अधिकार अपने आप में पूर्ण नहीं है, बल्कि इस पर कुछ पाबंदियां भी लागू होती हैं। अदालत ने कहा, एक व्यक्ति की स्वतंत्रता वहां खत्म हो जाती है जहां दूसरे व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार प्रारंभ होता है। एक पति या पत्नी को अपने जीवन साथी के साथ रहने का कानूनी अधिकार है और निजी स्वतंत्रता के नाम पर उसे उसके इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, यह स्थापित कानून है कि कानून के उलट या दंडात्मक प्रावधान सहित एक कानूनी प्रावधान को विफल करने के लिए निर्देश जारी नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं को कानूनी रूप से सुरक्षा पाने के लिए निर्देश जारी करने की मांग करने का अधिकार नहीं है।

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में, संपर्क करें..
मो. 9329033433











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
अरी • गंगेरुआ • बरघाट • लखनादौन • छपारा • केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# फिर बाघ का शिकार बना आदिवासी युवक



जगप्रेरणा सिवनी।

***वन विकास निगम बेहरई रेजं के अन्तर्गत आने वाले जंगल मे बाघ के द्वारा फिर एक आदिवासी युवक का शिकार किया गया है जिससे क्षेत्र मे भय का माहोल बना हुआ है।***

उल्लेखनीय है ग्राम डोरली निवासी युवक विनोद पिता अमरसिंह उईके उम्र 32 वर्ष सबेरे महूआ चुनने के लिये गया था साथ विनोद के साथ महूआ चुनने के लिये माता पिता के साथ साथ छोटा भाई भी गया हुआ था जो पूरा परिवार अलग अलग दिशा मे महूआ चुनने मे लग गये जंगल घना होने के कारण एक दूसरे को देख पाना मुश्किल था इसी बीच बाघ ने विनोद को अपना शिकार बना लिया तथा विनोद के शरीर को घसीटते हुऐ नाली मे ले जाकर रख दिया।

## छोटे भाई ने देखा शेर..

समीप ही महूआ चुन रहे छोटे भाई पंकज ने सबसे पहले जंगल मे बाघ को देखा तथा शोर मचाना प्रारम्भ किया इसी बीच बाघ की दहाड से अन्य लोग जो महूआ चुनने जंगल गये हुऐ थे इकट्ठा होने लगे किन्तु तब तक बाघ के द्वारा विनोद का शिकार किया जा चुका था. परिवार मे विनोद के माता पिता तथा भाई तथा भाई की पत्नि जंगल मे ही मौजूद थी किन्तु मृतक विनोद की पत्नि गर्भवती होने के कारण घर पर ही थी।

## आठ लाख की सहायता राशि के साथ काम का आश्वासन..

घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि प्रसाद गेडाम वन विकास निगम बेहर ई अपने स्टाफके साथ घटना स्थल पर पहूच गये तथा घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारी यो को दी सूचना मिलते ही एस डी ओ अनिल छत्री भी घटना स्थल पर पहूचे तथा शासन से आठ लाख रूपये की राशि जो नियमावली मे है देने की घोषणा की तथा मौके पर ही परिवार को बीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की साथ बाघ के शिकार विनोद के शव को वन परिक्षेत्र अधिकारी के द्वारा अपनी उपस्थिति मे पी एम के लिये सिवनी ले जाया गया तथा पूरा दिन मृतक के परिवार के साथ खडे हो अन्तिम संस्कार तक अपने स्टाफ के साथ अपनी उपस्थिति बनाये रखी।

## दो माह मे चौथी घटना..

यहा यह बताना भी लाजिमी है की बीते सप्ताह ही आष्टा के समीप जंगल मे महुआ चुनने गये युवक को बाघ ने अपना निवाला बनाया था और बीते दो माह के भीतर ही बाघ के हमले की यह चौथी घटना सामने आई है जिसमे बाघ के हमले से अब तक चार जाने जा चुकी है जिससे अब छेत्र मे भय का वातावरण बना हुआ है।

## रेंजर ने की अपील..

वन विकास निगम बेहर ई के रेंजर ने लगातार हो रही बाघ हमले की घटना को गम्भीरता से लेते हुऐ लोगो से अपील की है वे जंगल की ओर न जाये क्योकि वर्तमान मे महुआ के पेड़ो के नीचे गरीब वर्ग महूआ चुनने जा रहे है और लगातार बाघ के हमले के शिकार हो रहे है साथ वन विभाग द्वारा लगातार जंगल मे बाघ की सर्चिगं की भी बात कही है तथा समय को देखते हुऐ सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# श्रीराम जन्मोत्सव : नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, भक्तों में दिखा अपार उत्साह..





जगप्रेरणा सिवनी।

***मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।***

दोपहर 3 बजे श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। आकर्षक झांकियों, बैंड-बाजों और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल भक्तों ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर श्रीराम दरबार की सुसज्जित पालकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे श्रद्धालुओं ने अपने कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण कराया। पालकी के साथ चल रहे भक्त भजन-कीर्तन करते हुए पूरे मार्ग में भक्ति रस में लीन नजर आए। शोभायात्रा गांधी चौक, शुक्रवारी चौक सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अतुल मालू, पूर्व विधायक राकेश सिंह पाल, भाजपा पदाधिकारी संतोष नागपुरे, गजानन पंचेश्वर, के. के. सोनी, मुनिया टांक, श्याम मिलन पांडे, अनूप मिश्रा, सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक, अधिवक्ता नरेन्द्र ठाकुर, कपिल पांडे, राज ठाकुर, आशीष नागपुरे, दीपक नागपुरे, अमित पांडे, संजय मंडल, नरेश गिरी, भानु अग्रवाल, समाजसेवी अमित मालू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगरवासियों ने परिवार सहित शामिल होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

शोभायात्रा का मार्गदर्शन श्री महावीर व्यायाम शाला द्वारा किया गया, वहीं शोभायात्रा में सुसज्जित आकर्षक झांकियां श्री रामदल समिति द्वारा प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगा दिए। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की नगरवासियों ने सराहना की। आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# भाजपा सरकार में आम लोगो का जीवन की कोई कीमत नही है : नरेश



जगप्रेरणा सिवनी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा सरकार में आम लोगो का जीवन की कोई कीमत नही है छिन्दवाड़ा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने के उदेद्धय से आगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, सरपंच, सचिव, स्वसहायता समूह, शासकीय योजनाओं के हितग्राही को दबाव बनाकर बसो में भेड़ बकरी की तरह भर कर लाया गया। दुर्घटना में बारह लोगो की जान चली गई एवं अनेक लोग बुरी तरह घायल हुये, जनपद सीईओ मोहखेड़ द्वारा भीड़ लाने के लिए एक आदेश भी जारी किया गया। रामनवमी उपासना के पर्व पर महिलाऍं नही चाहते हुये भी कार्यक्रम में शामिल हुई, लाड़ली बहना हितग्राही महिलाओं को यह तक धमकी दी गई कि यदि कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई तो तुम्हारी पेंशन बंद कर दी जायेगी। अपने आपको देश की सबसे बडी पार्टी कहने वाली भाजपा के पास क्या कार्यकर्ता नही है जो भीड़ बढ़ाने के लिए शासकीय कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है। दुर्घटना के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं छिन्दवाड़ा के भाजपा नेताओं ने जिस तरह संवेदन हीनता दिखाई है उसकी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोर निंदा की है, उन्होंने कहा कि मृतको को 1 करोड़ रूपय का मुआवजा मध्यप्रदेश सरकार को देना चाहिये, मोहन यादव द्वारा मृतको के परिजनों को 4 लाख रूपय देने की घोषणा की गई है जो कि सामान्य मृत्यु में भी दिये जाते है यह दुर्घटना है इतनी मुआवजा राशि पर्याप्त नही है। घायलों का उचित इलाज होना चाहिये। जिन अधिकारियों के आदेश से लोगो को लाया गया उन अधिकारियों पर भी कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये।

नरेश मरावी ने आगे कहा कि इस दुर्घटना से सबक लेते हुये भाजपा को भीड़ बढ़ाने के लिए अनावश्यक दबाव गरीब जनता पर नहीं डालना चाहिये, शासकीय योजनाओं का लाभ वह सरकारी पैसे से दे रहें ना कि भाजपा के फंड से।

# आगजनी से हुये नुकसान का आकलन कर शतप्रतिशत पीड़ितो को मुआवजा राशि दे : कांग्रेस

जगप्रेरणा सिवनी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि सिवनी नगर के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाऍं प्रति दिन सुनने को मिल रही है।

27 मार्च 2026 को एक ही समय पर 4 स्थानों पर आग लगने के समाचार प्राप्त हुये बलारपुर गांव में रहवासी क्षेत्र में आग ने जोर पकड़ लिया जिसमें 12 घर सहित किराना की दुकान को चपेट में ले लिया।

आग इतनी तेजी से फैली थी कि लोगो को अपने घरो से सामान निकालने का मौका भी नही मिला, इसी तरह कान्हीवाड़ा में रूई के गोदाम में भी भीषण आग लगने से सबकुछ जलकर राख हो गया, भण्डारपुर, खैरी मरझोर, कुरई क्षेत्र में खड़ी फसले पर आग लगने से भारी नुकसान हुआ है, सिवनी जिले में आग बुझाने वाले साधनो की अत्यधिक कमी है जिसके कारण समय पर आग नहीं बुझाई जा सकी, वर्षो से प्रत्येक विकास खंण्ड में फायर वाहन की मांग उठ रही है, निर्वाचित जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नही दे रहें है। साल भर की कडी मेहनत के बाद अपनी फसल कटाई की उम्मीद लगाये किसान की सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया।

जिला कांग्रेस कमेटी जिला कलेक्टर से मांग करती है कि मकानों, दुकानों एवं फसलों को आगजनी से हुये नुकसान का आकलन कर शतप्रतिशत पीड़ितो को मुआवजा राशि अतिशीघ्र दे एवं आग से निपटने के साधनों का पर्याप्त मात्रा में इंतजाम करें।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के 2 वर्ष समारोह अभियान अंतर्गत..

## पुलिस लाइन सिवनी से कराया गया साइक्लोथॉन कार्यक्रम..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के 2 वर्ष समारोह अभियान अंतर्गत साइक्लोथॉन कार्यक्रम का प्रारंभ जिला सिवनी में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की उपस्थिति में दिनांक 28 3.2026 को प्रातः 8:00 बजे से पुलिस लाइन सिवनी से किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन दौड़ की शुरुआत की गई जो शहर के विभिन्न मार्गो /क्षेत्रो से गुजरते हुए पुलिस लाइन में समापन हुआ कार्यक्रम में सम्मिलित समस्त प्रतिभागी सदस्यों द्वारा साइकिल के साथ भाग लेकर जोश ,उत्साह और ऊर्जा के साथ स्वच्छ पर्यावरण बनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ी , नगर और ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, पुलिसकर्मी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सदस्य ,एवं वीसाबल के पुलिस कर्मी , सम्मिलित हुए।

उपरोक्त कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू थाना प्रभारी डूंडासिवनी चैन सिंह उइके उपस्थित रहे।

# प्यासों के लिए राहत का पैगाम बना कौमी एकता कमेटी का सेवा अभियान

## भीषण गर्मी में नि:शुल्क पानी प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को मिला शीतल जल का सहारा..



जगप्रेरणा सिवनी।

भीषण गर्मी के बीच मानवता और सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायी मिसाल पेश करते हुए कौमी एकता कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नि:शुल्क पानी के प्याऊ का शुभारंभ सफलतापूर्वक किया गया। 28 मार्च 2026 को दोपहर 3:30 बजे अध्यक्ष असलम बाबा की दुकान के बाजू में आयोजित इस सेवा कार्य का शुभारंभ मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह द्वारा विधिवत किया गया। कार्यक्रम में कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पानी के प्याऊ की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी कमेटी द्वारा पानी के प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। इस दौरान समिति ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह से आग्रह किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका परिषद द्वारा भी शीघ्र प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा जल्द ही शहर में आवश्यक स्थानों पर पानी के प्याऊ प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों को गर्मी में राहत मिल सके। इस आश्वासन पर समिति के सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष असलम बाबा साहेब, कार्यवाहक अध्यक्ष देवराज डेहरिया, सचिव विनोद यादव, प्रवक्ता के.के. यादव, उपाध्यक्ष बरकत खान, सह सचिव शंकरलाल डेहरिया, कोषाध्यक्ष एड. राम राजेश डेहरिया, अकरम खान, फैयाज खान, जम्मू भाई सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अज्ञात कारणों से लगी आग ने किसानों की फसल को किया तबाह

जगप्रेरणा सिवनी।

गत दिवस ग्राम भंडारपुर में अज्ञात कारणों से लगी आग ने किसानों की फसल को तबाह कर दी। खुन के आंसू कहें या मुह का निबाला छीननें में प्रकृति का कहर असाहनीय था।सरकार का फर्मान है कि पंचायतें पानी को टेंकारों में भरकर रखें टाँके दुरुस्त करके पानी भरें ताकि पशु एवं जनहित में काम आ सके। प्रत्येक पंचायतों में टेंकर है परन्तु कई जगह रखरखाव के अभाव में जीर्णशीर्ण स्थिति में पड़े हैं।अनेक जगह टाँके है पर वे भी पानी विहीन खाली पड़े हैं। सरकारी तंत्र भी लापरवाही से बजबजा रहा है।जब भीषण आग से बचाव के लिए ग्रामीणों ने मदद की गुहार लगाई तो सरकार की मशीनरी भी जब समय पर नहीं पहुंची तो ग्रामीण जनों ने आमजन का सहयोग एवं स्वयं की सूझ बूझ से आग पर काबू पाया। बताया गया है कि तीन लोगों की गेहूं की फसल एवं नोजल पाईप भी पूरी तरह से तबाह (नष्ट)हो गये। जिसमें श्रीमति सबूदर बाई, बखत सनोडिया, दीपक सनोडिया शामिल हैं, किसान नेता डा राजकुमार सनोडिया ने वस्तु स्थिति का जायजा लिया एवं चर्चा की तो पीड़ित जनों ने अपनी आप बीती बताई जिसे सुनकर मन विचलित हुआ एवं सरकारी तंत्र की उपस्थिति ना होने पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए लापरवाह लोगों पर ठोस कदम उठाने की बात कही साथ ही पीड़ितों को साठ हजार रुपये प्रति एकड़ क्षतिपूर्ति राशी दी जाय क्योकि इस क्षेत्र की भूमी अधिक उपजाऊ होने के कारण फसल की उपज भी अधिक होती है।सरकारी तंत्र स्वयं जाकर आंकलन करके देख सकते हैं।

# विभागीय वार्मअप क्रिकेट टूर्नामेंट, महिला बाल विकास 11 विजयी..



जगप्रेरणा सिवनी।

स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में विभागीय वार्म अप मैच खेले जा रहे हैं।आज का मैच महिला बाल विकास इलेवन के नाम रहा। जिसने टीचर इलेवन पर एक तरफा मैच हराया।

मैच में महिला बाल विकास इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट पर 135 रन बनाए। टीचर्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 78 रन बनाए। महिला बाल विकास इलेवन ने दूसरा मैच खेलते हुए पहली जीत 57 से जीता।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा नागपुर मंडल के सिवनी से अयोध्या धाम के लिए 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' का संचालन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए नागपुर मंडल के अंतर्गत सिवनी से अयोध्या धाम और बनारस के बीच विशेष***

'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' (गाड़ी संख्या 08813/08814) का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी दिनांक 30 मार्च 2026 को सुबह 09:00 बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से अपनी धार्मिक यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी।

## विवरण..

गाड़ी संख्या 08813 (सिवनी से अयोध्या) दिनांक 30 मार्च 2026 को 09:00 बजे सिवनी से रवाना होकर छिंदवाड़ा आगमन 10:30 बजे प्रस्थान 10:40 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 16:00 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, नरसिंहपुर आगमन 18:00 बजे प्रस्थान 18:05 बजे, जबलपुर आगमन 19:25 बजे प्रस्थान 19:35 बजे, सतना आगमन 22:50 बजे प्रस्थान 22:55 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 02:15 बजे प्रस्थान 02:20 बजे, बनारस 07:35 बजे प्रस्थान 09:00 बजे एवं व्हाया - लोहटा, एम बी डी डी प्रतापगढ़ जंक्शन, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या 14:30 बजे पहुँचेगी।

ठीक इसी प्रकार वापसी यात्रा गाड़ी संख्या 08814 (अयोध्या से सिवनी) दिनांक 03 अप्रैल 2026 को अयोध्या से 20:00 बजे रवाना होकर वाराणसी जंक्शन आगमन 00:20 बजे प्रस्थान 00:30 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 06:00 बजे प्रस्थान 06:05 बजे, सतना आगमन 12:25 बजे प्रस्थान 12:30 बजे, जबलपुर आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:20 बजे, नरसिंहपुर आगमन 19:00 बजे प्रस्थान 19:05 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 22:05 बजे प्रस्थान 22:15 बजे, छिंदवाड़ा आगमन 04:05 बजे प्रस्थान 04:10 बजे एवं सिवनी 06:00 बजे पहुँचेगी। यह गाड़ी कुल 14 एलएचबी कोचों से संचालित होगी।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
मो.- 8817448039

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

# पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत..

जगप्रेरणा सिवनी।

सिवनी में खेत में बने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मामला कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहरा खापा के रिंझाई टोला की है। घटना शुक्रवार रात को हुई।

मृतकों की पहचान कृष्णा मर्सकोले (9) और कायरव मर्सकोले (5) के रूप में हुई है। वे दिनेश मर्सकोले के पुत्र थे और रिंझाई टोला के निवासी थे। खेलते समय गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे घर से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित एक खेत में खेलने गए थे। खेलते समय वे पानी से भरे एक गहरे गड्ढे के पास पहुंच गए। संतुलन बिगड़ने के कारण दोनों बच्चे गड्ढे में गिर गए और गहराई अधिक होने के कारण बाहर नहीं निकल पाए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। देर रात तक जब बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद दोनों बच्चों के शव उसी खेत के गड्ढे से बरामद किए गए।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे ने बताया कि गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव

मो. 94258-22975


### महावीर का क्या संदेश, जियो और जीने दो के नारो के साथ

## बालाघाट में सकल जैन समाज के युवाओं और महिलाओं ने एक साथ निकाली बाईक रैली..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट में भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा और दया के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से धुमधाम से अहिंसा बाइक रैली निकाली गई। इस रैली*

में जोश शोर से शामिल युवाओं, पुरुषों, महिलाओं ने भी महावीर का क्या संदेश, जियो और जीने दो के जयकारे के साथ ही अहिंसा परमो धर्मः का संदेश दिया। नगर के सेंट्रल बैंक के सामने से आयोजित इस भव्य मोटर सायकिल बाईक रैली का नेतृत्व भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष आदित्य सेठिया ने किया, वहीं इस अवसर पर प्रमुख रुप से अतुल वैद्य, श्रेयांश वैद्य और आदित्य सेठिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति की अगुवाई में यह रैली हनुमान चौक, सुभाष चौक, महावीर चौक, अहिंसा द्वार होते हुए महावीर भवन पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। रैली में शामिल जैन जैन युवाओं ने भगवान महावीर के जोर शोर से नारे लगाते हुए भगवान महावीर के प्रति श्रद्धा और आस्था प्रकट की।

## 40 किलो का मुकुट धारण कर महाराज मोहित सोनी बनेंगे हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में 9 वे हनुमान..

### हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को त्रिपुर सुंदरी मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा..







जगप्रेरणा बालाघाट।

*धर्म और आस्था की नगरी बालाघाट में हनुमान भक्त शंकरदादा मोटवानी के प्रतिनिधित्व में हनुमान जन्मोत्सव पर पवनपुत्र हनुमान जी के विराट स्वरुप के साथ शोभायात्रा एवं चल समारोह का*

आयोजन त्रिपुर सुंदरी मंदिर से किया जाता है, तथा इस वर्ष अपने बढ़ते क्रम में हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा में बालाघाट के मोहित राजु सोनी 9 वें हनुमान बनेंगे। गौरतलब है कि हनुमान सेवा दल समिति एवं माँ त्रिपुर सुंदरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

उक्त जानकारी 28 मार्च को त्रिपुरी सुंदरी मंदिर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हनुमान सेवादल समिति की ओर से शंकरदादा मोटवानी, विहिप के अध्यक्ष यज्ञेश (लालु) चावड़ा, सुमित मोटवानी, राजु सोनी, सुशील ठाकुर, सुनील आडवाणी, अकाश ठाकुर, अविनाशसिंह ठाकुर, लवेश वाधवानी, नीरज सोनी, अमन सनपाल, कैलाश सोनी और ऋषि रंगलानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सोनी परिवार के वरिष्ठ मानकचंद सोनी भी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### 40 दिनो के उपवास और तप के साथ मोहित राजु सोनी करेंगे हनुमान स्वरुप धारण..

गौरतलब है कि बालाघाट शहर में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान स्वरुप धारण करने की अनूठी और चमत्कारी मान्यताएं है। हनुमान स्वरुप धारण करना किसी भी साधक के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होता है। हनुमान स्वरुप धारण करने से पूर्व साधक को 40 दिन का निर्बाध पाठ करना होता है, जिसमें प्रतिदिन सुबह 4 बजे से लेकर रात्रि तक के कार्यक्क्रम सुनिश्चित होते हैं। एक तरफ मंदिर में रात्रि विश्राम, मंदिर से ही नित्य कर्म से निवृत्त होकर सुबह 4 बजे से दौड़ एवं योग व्यायाम करने के उपरांत स्नान आदि करके विधि विधान से हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ आदि करना होता है, तथा प्रतिदिन सिर्फ एक समय पर सादा भोजन करते हुए एक समय का उपवास करते हुए चैत्र नवरात्रि के दिन से हनुमान मुकुट की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा पाठ करने का क्क्रम शुरु होता है, तथा चैत्र नवरात्रि के उपरांत 40 वें दिन जब हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा के अवसर पर साधक को हनुमान स्वरुप धारण करने का अवसर प्राप्त होता है।


### जय वीर महावीर के नारो से हनुमान जन्मोत्सव पर गुंजेगा बालाघाट..

हनुमान जन्मोत्सव के संदर्भ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में हनुमान सेवादल समिति के सदस्यों ने बताया कि त्रिपुरी सुंदरी मंदिर से यह चल समारोह का नौवां वर्ष है। इस वर्ष हनुमान जी महाराज का चोला धारण करने का विशेष सौभाग्य हनुमान भक्त महाराज मोहित राजु सोनी को प्राप्त हुआ है। हनुमान जन्मोत्सव पर चैत्र नवरात्रि पर 23 मार्च को श्री हनुमंत महाराज स्वरूप स्थापना पूजन एवं पुराना श्रीराम मंदिर में तेल-सिंदूर अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं 26 मार्च को स्वरूप धारण का ट्रायल आयोजित किया गया तथा 27 मार्च को प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पर अभिषेक किया गया। आगामी कार्यक्रमों में 30 मार्च को माँ त्रिपुर सुंदरी मंदिर से महाराज मोहित सोनी समस्त मंदिरों के दर्शन करेंगे, वहीं 31 मार्च को चौरई महाकाल समिति द्वारा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मुख्य आकर्षण 2 अप्रैल को रहेगा, जब माँ त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान स्वरुप के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में महाराज मोहित राजु सोनी 40 किलो का हनुमान मुकुट धारण कर शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। यह यात्रा विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन करते हुए पुराना श्रीराम मंदिर पहुँचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झाँकियाँ, बैण्ड-बाजे और ढोल की गूंज विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सहपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की हैं।

### बालाघाट में जिला तेली साहू समाज द्वारा

## होटल शीतल पैलेस में 31 मार्च को मनाई जाएगी माँ कर्मा जयंती..

### युवा जिला अध्यक्ष के चयन की भी प्रक्रिया होगी संपन्न..




जगप्रेरणा बालाघाट।

जिला तेली साहू समाज बालाघाट द्वारा 31 मार्च को माँ कर्मा देवी जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समाज के युवा जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया भी संपन्न कराई जाएगी। आयोजन को लेकर समाज द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। जिला मुख्यालय बालाघाट में 31 मार्च (मंगलवार) को शीतल पैलेस में जिला तेली साहू समाज द्वारा माँ कर्मा देवी जयंती का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने जिले के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने और अपने परिचितों को भी आमंत्रित करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और विकास को लेकर चर्चा के साथ ही युवा जिला अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए ब्लॉक तेली (साहू) समाज लालबर्रा द्वारा 10,001 रुपए का सहयोग प्रदान किया गया है। वहीं महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती दीपा खेमराज भोंगड़े द्वारा कार्यक्रम में माँ कर्मा देवी की प्रसादी वितरित की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय कर दी गई हैं। अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन, पूजन सामग्री, जलपान, महिलाओं की व्यवस्था, बैठक और मीडिया प्रचार-प्रसार सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि जो भी समाजजन इस पुनीत कार्य में आर्थिक सहयोग देना चाहते हैं, वे निर्धारित माध्यमों के जरिए सहयोग कर सकते हैं। जिला तेली साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मानवटकर और महिला मंडल जिला अध्यक्ष श्रीमती दीपा खेमराज भोंगाड़े सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं।*

*कृपया संपर्क करें..*

*मो. 9329033433*


## 5 वीं व 8 वीं परीक्षा में 98 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम के साथ सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के छात्रों ने मारी बाजी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 26 मार्च 2026 को घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय बालाघाट ने एक बार फ्रि उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवपूर्ण सफ्लता हासिल की है।

विगत वर्षों की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। कक्षा 5वीं में कुल 151 विद्यार्थियों में से 148 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 98.01 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम में कु. नोमिता (राजेश गौतम) ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कु. निशिता बोपचे (गौरीशंकर) ने 92.25 प्रतिशतके साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम में कु. काव्या (यमलेश वंजारी) 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं तथा लीवांशी पारधी (युगल किशोर) ने 91.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में दर्ज 191 विद्यार्थियों में से 188 ने परीक्षा दी, जबकि 3 अनुपस्थित रहे। कक्षा 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.43 प्रतिशत रहा। कु. किंजल (सुरेन्द्र बिठले) ने 94.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. सिब्बु (योगेश पटले) 93.50 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि कु. भावी (किशोर हनवत) ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट परिणाम के पीछे शिक्षकों की सुनियोजित रणनीति रही। प्राथमिक प्रधान पाठक श्री एम.एल. बनोटे (हिंदी माध्यम), श्रीमती अमृता मसराम (अंग्रेजी माध्यम) एवं माध्यमिक प्रधानपाठक सुश्री जेफ़रीन बाघ ने बताया कि पाठ्यक्रम का योजनाबद्ध तरीके से पुनरावृत्ति कराई गई, पिछले पांच वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराए गए तथा टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के माध्यम से जटिल विषयों को सरल बनाया गया। साथ ही नियमित कक्षाओं के साथ इकाई परीक्षण एवं उपचारात्मक कक्षाओं का भी संचालन किया गया।

विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले एवं उप प्राचार्य साजिद मोहिस ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल का बालाघाट में 3 अप्रैल को आगमन, लोधी समाज की बैठक में होगें शामिल



जगप्रेरणा बालाघाट।

*प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल का आगामी 3 अप्रैल को एक दिवसीय प्रवास पर बालाघाट आगमन होने जा रहा हैं। इस दौरान वे लोधी समाज की बैठक में शामिल होगें। इस संबंध में लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने ने प्रेस विज्ञप्ति*

जारीं कर बताया कि लोधी लोधा लोध महासभा के नेतृत्व में आगामी 28 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में राजा हिरदेशाह लोधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शौर्य दिवस कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया गया हैं। राजा हिरदेशाह लोधी सन 1882 की क्रांति के अग्रदूत रहे और अंग्रेजों को युद्ध में परास्त किया हैं। जिनके बलिदान व कृतित्व की ही देन सन 1857 की क्रांति रही हैं। ऐसे वीर योद्धा की पुण्यतिथि पर शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा हैं। जिसकी तैयारी को लेकर जिला लोधी महासभा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया हैं। बैठक 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कोसमी स्थित शुभारंभ लॉन में होगी। बैठक में लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, इसके अलावा इस बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक राजकुमार कर्राहे सहित भोपाल कार्यक्रम को लेकर बनाये गये संभागीय प्रभारी डॉक्टर विजय बरैया, जिला प्रभारी व सहप्रभारी, समाज के अन्य जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, लोधी महासभा के पदाधिकारी, कर्मचारी संगठन, लोधी महिला मोर्चा, लोधी युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से शामिल होगें।

पूर्व मंत्री इस प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत कोसमी में आयोजित निर्माण कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम में भी अतिथि होगें। इसके अलावा ग्राम पंचायत बगदरा में वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा के अनावरण और निर्माण कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होगें। पूर्व मंत्री श्री पटेल की उपस्थिति में आयोजित लोधी महासभा की बैठक में लोधी समाज के तमाम सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्यों, विविध मोर्चा के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील लोधी महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे, बी.एल.लिल्हारे, सुखदेवमुनि कुतराहे, रामसिंह पटेल, राकेश बनोटे, रामचंद सिहोरे, जितेंद्र मोहारे, दिलीप उपवंशी, अर्जुन ठकरेले, धर्मपाल सिंह नगपुरे, गगन नगपुरे, योगेश नगपुरे, चंद्रशेखर नगपुरे, चुमेश लिल्हारे, सावन पिछोड़े, हर्ष मुंजारे, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती शीला नगपुरे,श्रीमती रितु मोहारे, श्रीमती गौरी लिल्हारे, श्रीमती पूनम लिल्हारे, श्रीमती ज्योति उमरे सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा की गई है।

### श्रीमती शीला नगपुरे बनी लोधी समाज की जिलाध्यक्ष-

प्रदेश लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष कोकसिंह नरवरिया और राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती अनीता वर्मा द्वारा प्रदेश और जिला महिला मोर्चा की पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है, जिसमें बालाघाट से श्रीमती शीला नगपुरे जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा लोधी लोधा लोध महासभा नियुक्त किया गया है। इसी तरह से महिला मोर्चा प्रदेश संगठन में श्रीमती गौरी राजेश लिल्हारे प्रदेश महामंत्री, श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे प्रदेश प्रवक्ता, श्रीमती अंबिका गगन नगपुरे प्रदेश सचिव,श्रीमती रितु जितेंद्र सिंह मोहारे प्रदेश संयुक्त सचिव, श्रीमती छाया नगपुरे प्रदेश संयुक्त सह सचिव, श्रीमती सपना विजय मसखरे प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती रत्ना नगपुरे प्रदेश प्रचार मंत्री, श्रीमती पूनम गणेश लिल्हारे प्रदेश कार्यालय मंत्री महिला लोधी लोधा लोध मोर्चा में नियुक्त किया गया है। सभी के नेतृत्व में लोधी लोधा लोध समाज आगे गतिशील होगा। समाज का नई दिशा मिलेगी और ऊंचाइयों को छूएगा। नवनियुक्त महिला मोर्चा पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई हैं कि वे संगठनात्मक स्तर पर लोधी लोधा लोध समाज के लिये कार्य करते हुये आगे गति प्रदान करेगी। सभी पदाधिकारियों के नियुक्त होने पर लोधी महासभा ने हर्ष जताया हैं।


|| श्री जीणमाता की जय ||

|| जय गुलाब बाबा नमः ||

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।




वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935



## बोरी बंधान से सहेजा गया पानी: जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत परसवाड़ा में अनोखी और प्रेरणादायक पहल..





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जल संरक्षण को लेकर जनपद पंचायत परसवाड़ा द्वारा एक सराहनीय और जनभागीदारी आधारित पहल की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम खैरलांजी एवं सरेखा मार्ग पर बगली पाठ स्थित बंजर***

नदी में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरेखा एवं खैरलांजी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, जन अभियान परिषद के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से लगभग 400 बोरियों का उपयोग कर बंजर नदी की बहती हुई जलधारा को रोका गया और प्रभावी रूप से बोरी बंधान तैयार किया गया। इस कार्य से नदी में पानी का संचय संभव हो सका, जिससे आसपास के क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने की उम्मीद है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा पूर्व ही जल स्त्रोतों को संरक्षित करना, नदी-नालों के बहते पानी को रोकना तथा भूजल स्तर में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि बोरी बंधान जैसी सरल और कम लागत वाली तकनीकों के माध्यम से पानी को रोककर लंबे समय तक संरक्षित किया जा सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल जल संकट को कम करने में सहायक हैं, बल्कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों एवं वन्य जीवों के लिए भी जीवनदायिनी सिद्ध होते हैं। साथ ही इससे आसपास के किसानों को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है, क्योंकि जल स्तर बढ़ने से कुओं और हैंडपंपों में पानी की उपलब्धता बेहतर होती है।

कार्यक्रम के दौरान उपयंत्री कृष्ण कुमार पन्द्रे, सरपंच मंजूलता मरकाम, सरपंच कमलवती इनवाती, रोजगार सचिव परविंद पूषाम, मोबलाईजर महिमा राहंगडाले, राहुल शुक्ला, शक्ति बैस, सरोज पटले, कविता राणा, मंशाराम उईके सहित जन अभियान परिषद के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमदान किया और जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई।

इसी क्रम में ग्राम कोरजा के खुदराही नाले पर भी जन अभियान परिषद एवं प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में बोरी बंधान का कार्य किया गया। यहां भी जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम के ग्रामीणों ने मिलकर जल संरक्षण और संवर्धन का कार्य किया। इस तरह के कार्यों से गांवों में जल के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग स्वेच्छा से अभियान से जुड़ रहे हैं।

परसवाड़ा क्षेत्र में चल रहा यह अभियान सामूहिक प्रयास, जनसहभागिता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है। यह पहल न केवल वर्तमान जल संकट से निपटने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## परसवाड़ा में जल संरक्षण की अनूठी पहल: छात्रों ने बनाया सार्वजनिक प्याऊ..





जगप्रेरणा परसवाड़ा (जिला बालाघाट)।

***जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत***

जल स्त्रोतों की साफ -सफाई, गहरीकरण एवं बोरीबंधान जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड परसवाड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ÷सुरक्षित जल ङ्क समृद्ध कल÷ थीम पर एक सराहनीय पहल की गई। सीएमसीएलडीपी के छात्रों द्वारा श्रमदान करते हुए ÷जल मंदिर÷ के रूप में एक धर्मार्थ सार्वजनिक प्याऊ का निर्माण किया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत ÷नव भक्ति से नव शक्ति÷ के संदेश के साथ हुई, जिसके पश्चात श्रमदान किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ जनप्रतिनिधि एवं उपसरपंच अरंडिया श्री जगदीश सोनेकर द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता दिनेश वरकड़े, इन्दरलाल धुर्वे, योगेश्वरी रांहगडाले, श्रीमती तिमेश्वरी शरणागत एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार हिर्वाने सहित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इनमें रामकली मरकाम, पर्वत समरत, रूपाली पटले, दीपक परते, अंजनी उइके, अतुल नागेश्वर, नकुल धुर्वे, मधुलता कटरे, गजेंद्र वराड़े, अभिन्या, तृप्ति, सीमा, महिमा, यारेंद्र, नितेश, कौसिकी उइके, राहुल खैरवार, शालू, प्रियंका, शिफा आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। इस पहल को क्षेत्र में जल संरक्षण और सामाजिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## परसवाड़ा में भारतीय किसान संघ की बैठक, जैविक खेती अपनाने पर जोर..




जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***तहसील परसवाड़ा के भादुकोटा में शनिवार को भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन मंत्री महेश चौधरी शामिल हुए, जिन्होंने बालाघाट में कार्यक्रम के बाद यहां किसानों और पदाधिकारियों से संवाद किया।***

उन्होंने किसानों से जुड़े राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि संघ लगातार सरकार तक किसानों की समस्याएं पहुंचा रहा है और मांग पत्रों के माध्यम से उनके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने रासायनिक खाद के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई और किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील की। चौधरी ने कहा कि अधिक रासायनिक खाद के उपयोग से जमीन की उर्वरता कम हो रही है, मिट्टी कठोर हो रही है और पानी का ठहराव भी नहीं हो पा रहा है, जिससे फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांवों के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि भारत की पहचान गांवों से है, लेकिन आज गांवों का सम्मान कम होता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। बैठक में उपस्थित किसानों ने उनके विचारों को गंभीरता से सुना और संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे तथा जैविक खेती को बढ़ावा देंगे। इस दौरान क्षेत्र के कई किसान और संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केरिनाला (बम्हनी) में जल गंगा संवर्धन के तहत बोरीबंधान का कार्य सम्पन्न..



संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***बम्हनी क्षेत्र के केरिनाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बोरीबंधान का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।***

इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल स्तर को बढ़ाना तथा क्षेत्र में जल संकट को कम करना है।

स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के सहयोग से नाले पर रेत एवं मिट्टी से भरी बोरियों की सहायता से अस्थायी बांध तैयार किया गया। इस बोरीबंधान के माध्यम से बहते पानी को रोका गया, जिससे जल का संचयन संभव हो सका और पानी धीरे-धीरे जमीन में समाकर भूजल को पुनर्भरित करेगा।

ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि इससे आसपास के कुओं और हैंडपंपों में जल स्तर बढ़ने की उम्मीद है, साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भी लाभ मिलेगा। यह पहल कम लागत में प्रभावी जल संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

वन विभाग द्वारा बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि क्षेत्र में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।




## परसवाड़ा में शासकीय कन्या विद्यालय में धूमधाम से आयोजित हुआ एफएलएन मेला





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परसवाड़ा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को प्रोत्साहित***

करने हेतु एक भव्य 'एफएलएन मेला' आयोजित किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नर्सरी से लेकर प्राथमिक स्तर तक के बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मेले का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक पढ़ने-लिखने और गणितीय समझ को विकसित करना तथा सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न करना रहा। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियाँ, खेल, मॉडल प्रदर्शनी और रचनात्मक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। बच्चों द्वारा तैयार किए गए चार्ट, शिक्षण सामग्री और मॉडल सभी के आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने पालकों को एफएलएन कार्यक्रम के महत्व और बच्चों के समग्र विकास में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। इस आयोजन का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुनीता पंद्रे के निर्देशन में किया गया। प्रधान पाठक मेश्राम मैडम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों, पालकों और शिक्षकों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर पालक श्री किशोर बैरागी, श्रीमती गीता बाई यादव, श्रीमती संध्या परते सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समग्र रूप से यह एफएलएन मेला बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं आनंददायक साबित हुआ, जिसने शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल प्रस्तुत की।

## मोहबट्टा में जल प्याऊ का शुभारंभ, जल संरक्षण का दिया संदेश..




जगप्रेरणा बैहर।

***बालाघाट जिले के विकासखंड बैहर अंतर्गत ग्राम मोहबट्टा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में***

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से नवांकुर संस्था वीर नारायण जन जागरण समिति द्वारा प्राथमिक शाला परिसर के पास जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। ÷जल शक्ति से नव भक्ति÷ पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विधिवत पूजन-अर्चन कर जल प्याऊ का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और ÷जल है तो कल है÷ का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जल बचाने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने और वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया है। अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों का पूजन, साफ-सफाई, गहरीकरण, सामूहिक श्रमदान, रैली और संगोष्ठियों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक महेश कुमार पटले एवं श्री शिवनाथ यादव ने कहा कि आगामी समय में अभियान के विभिन्न चरणों के तहत और भी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया जा सके।

कार्यक्रम में मेंटर श्री सुरेश यादव, आकांक्षा तेकाम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष रंजना सैयाम सहित समिति के सदस्य, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख श्री कुंदन मेरावी द्वारा किया गया।

मोहबट्टा में जल प्याऊ की यह पहल न केवल राहगीरों को राहत प्रदान करेगी, बल्कि जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## नन्हीं बैगा बेटियों में दिखा देवी स्वरूप: चुपका टोला में भक्ति, सेवा और सादगी का अनूठा संगम



जगप्रेरणा उकवा।

***उकवा क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी अंचल में बसे बैगा बाहुल्य ग्राम चुपका टोला में इस बार चैत्र नवरात्रि की अष्टमी एक खास मायने लेकर आई।***

जहां आमतौर पर सन्नाटा और सादगी भरा जीवन दिखाई देता है, वहीं इस दिन भक्ति, सेवा और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

उकवा की सामाजिक संस्था सर्व धर्म सेवा समिति के सदस्यों ने कठिन रास्तों को पार करते हुए इस दूरस्थ गांव तक पहुंचकर नन्हीं-नन्हीं बैगा बेटियों का विधि-विधान से पूजन किया। गांव तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था–ऊबड़-खाबड़ कच्चे रास्ते, नाले-नदी और नेटवर्क विहीन क्षेत्र–लेकिन सेवा भाव के आगे ये बाधाएं छोटी पड़ गईं। समिति के सदस्य वाहन को नाले के पास खड़ा कर पैदल ही सामान लेकर गांव पहुंचे।

अष्टमी के पावन अवसर पर पहली बार गांव में इस तरह का आयोजन हुआ, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और भावुकता का माहौल बन गया। नन्हीं बेटियों को साक्षात देवी का स्वरूप मानते हुए उनके चरण पखारे गए, तिलक वंदन कर श्रद्धा से पूजन किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से खीर-पूड़ी और पुलाव बनाकर बेटियों और ग्रामीणों को प्रेमपूर्वक प्रसाद स्वरूप वितरित किया। इस अवसर पर उकवा के कपड़ा व्यवसायी संदीप साड़ी सेल के संचालक श्री खंडेलकर ने सभी बेटियों और ग्रामीणों को अंगवस्त्र भेंट किए। वहीं भवानी मोबाइल के संचालक दामेंद्र परिहार ने बच्चों को स्कूली किट वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवी बहनों ज्योति वरकड़े, दीपा मेश्राम एवं संदीप गजभिये ने भोजन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता संतोष सोनी, जेम्स बारीक, नितिन कुमार और विमल पंचभाए ने बेटियों का स्वागत-सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस सफल आयोजन के संयोजक एवं समाजसेवी संदीप गजभिये ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल सेवा का माध्यम हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का भी एक सशक्त जरिया हैं।

चुपका टोला में आयोजित यह कार्यक्रम यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम छोर तक पहुंचकर सेवा करने में ही उसका वास्तविक स्वरूप निहित है।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# कटंगी क्षेत्र में विकास कार्यों गति देने विधायक गौरव सिंह पारधी ने किए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन






जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी क्षेत्र के ग्राम कोयलारी, बाण्डारेव, सुकली एवं कोसुंबा में विकास कार्यों को निरंतर गति देते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ।***

इन कार्यों में सामुदायिक भवन एवं सी.सी. सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल हैं, जो ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगे। सभी कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में कार्यों का शुभारंभ किया गया, जिससे क्षेत्र में विकास को नई दिशा और गति मिल रही है।

## कोयलारी-बाण्डारेव में विकास कार्यों का शुभारंभ, विधायक गौरव सिंह पारधी रहे मुख्य अतिथि

ग्राम पंचायत कोयलारी के ग्राम बाण्डारेव में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर ग्राम कोयलारी में 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन तथा ग्राम बाण्डारेव में 12.95 लाख की लागत से सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, जो राज्य वित्त आयोग के माध्यम से स्वीकृत हैं, प्रारंभ किए गए। साथ ही सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए वृद्धा पेंशन स्वीकृति पत्रों का वितरण भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। विधायक पारधी ने कहा कि क्षेत्र की उन्नति और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ही उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद देशमुख, श्रीमति ज्योति शैलेन्दर सुर्यवंशी जनपद सदस्य, मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री योगेश सोनवाने, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सोनवाने, श्री सुरेश ठाकुर - ज.भा.समिति तिरोड़ी, सरपंच श्रीमति दिपीका जागेश डहरवाल, उपसरपंच श्री श्रवण वैद्य, श्री नरेन्द्र सलामें समस्त पंचगण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## सुकली में सी.सी. रोड निर्माण का भूमिपूजन, ग्रामीणों को मिलेगा आवागमन में लाभ

ग्राम पंचायत सुकली में 14.86 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड का भूमिपूजन समारोह भी विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भी विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजन हितग्राहियों को पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद देशमुख, मंडल अध्यक्ष भाजपा श्री योगेश सोनवाने, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सोनवाने, सरपंच घनश्याम कुंजाम, पूर्व सरपंच श्री बाबूलाल मर्सकोले, उपसरपंच श्रीमति डिलेश्वरी कठोते, समस्त पंचगण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## कोसुंबा में सी.सी. रोड का भूमिपूजन, 'विद्या आरंभ संस्कार' का वितरण

गत दिवस ग्राम कोसुंबा में भी विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सी.सी. रोड निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्नों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 'विद्या आरंभ संस्कार' के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सके।

## राहगीरों के लिए प्याऊ का शुभारंभ, गर्मी में मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम को देखते हुए जन अभियान परिषद द्वारा राहगीरों की सुविधा के लिए स्थापित किए गए प्याऊ का शुभारंभ भी विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस पहल से राहगीरों और ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश सोनवाने, नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मूरके, खेमराज मुरके, अवलेश पारधी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## विकास के साथ सामाजिक सरोकारों पर विशेष ध्यान - विधायक गौरव पारधी

सभी कार्यक्रमों में विधायक गौरव सिंह पारधी ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए क्षेत्र में विकास को गति देने के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्राथमिकता दी। वृद्धजन पेंशन और 'विद्या आरंभ संस्कार' जैसी पहल के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सड़क, भवन, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल है, जिससे ग्रामीणों का जीवन सरल और सुगम बन सके। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनभागीदारी से ही विकास कार्यों को मजबूती मिलती है और इसी सहयोग से क्षेत्र में निरंतर प्रगति संभव हो सकेगी।

# रामपायली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध रेत उत्खनन में 22 लाख के वाहन जब्त, 8 आरोपी गिरफ्तार..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामपायली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 ट्रैक्टर और 1 लोडर मशीन जब्त की है। जब्त किए गए***

वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27-28 मार्च की दरमियानी रात करीब 2 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सेलवटपार एवं भेंडारा के पास वैनगंगा नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसे ट्रैक्टरों के माध्यम से महाराष्ट्र की ओर परिवहन किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## इस कार्रवाई में पुलिस ने निम्नलिखित आरोपियों को गिरफ्तार किया..

नरेंद्र मेश्राम, निवासी रावनवाड़ी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), नामदेव कारे, निवासी सिवनी (रावनवाड़ी), जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), पालेंद्र कुशराम, निवासी निलसा, थाना रावनवाड़ी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), दुर्गेश भोयर, निवासी टेड़वा, थाना रावनवाड़ी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), मुकेश माते, निवासी टेड़वा, थाना रावनवाड़ी, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), अरविंद गजभिये, निवासी रापेवाड़ा, थाना गोंदिया, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), रितेश सुलाखे, निवासी पांजाराबोड़ी, थाना गोंदिया, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), अनमोल नेवारे, निवासी बिरसी, थाना डौनीवाड़ा, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), पुलिस ने मौके से 4 ट्रैक्टर एवं 1 लोडर मशीन जब्त कर आरोपियों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं, खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस पूरे अभियान में थाना रामपायली पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महकेपार जनपद पंचायत कटंगी जि. बालाघाट

### ।। निविदा सूचना ।।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत महकेपार के अन्तर्गत नवीन काम्पलेक्स में 4 कमरो की निलामी हेतु आवेदन दिनांक 28.03.2026 दिनांक 11.04.2026 तक ग्राम पंचायत में प्रतिदिन 10.30 बजे से 5.30 बजे लिये जायेगें एवं दिनांक 13.04.2026 को काम्पलेक्स के कमरो की निलामी बोली लगाई जायेंगी निलामी की शर्ते ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सरपंच ग्राम पंचायत महकेपार — उपसरपंच एव समस्त पंच ग्राम पंचायत महकेपार — सचिव ग्राम पंचायत महकेपार

# पूज्य पिता की स्मृति में जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने ग्राम पंचायत झालीवाड़ा को दिया डैड बॉडी फ्रिजर..

## बेटी एवं दामाद की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम नागरिकों ने जताया आभार..






जगप्रेरणा वारासिवनी।

एक तरफ जहां आज के युग में माता पिता के वृद्ध होने पर उन्हें वृद्धाश्रम भेजने की कोशिशें की जाती है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के भूमिपुत्र जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ना सिर्फ माता पिता की स्मृति में जनसुविधाओं पर स्वयं को समर्पित किये हुए हैं, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सेवाकार्यों के माध्यम से तो वहीं शिक्षा का दीप जलाकर युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक पढ़ाई कर अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिये प्रेरित कर रहे हैं।

पुरे देश में शिक्षा और सेवा की मशाल जलाते हुए जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ना सिर्फ बालाघाट अपितु पुरे देश में यथायोग्य सेवा कार्य में अपनी भूमिकाएं निभाते नजर आ ही जाते हैं। उनके अपने पैतृक ग्राम लालबर्रा जाम की तस्वीर बदलने के साथ ही ग्राम कुम्हारी में कुम्हारी प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों के माध्यम से उन्होंने युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने का काम किया है, तो वहीं हाल ही में ग्राम पंचायत गोंगलई के नागरिकों की मांग पर भी उन्होंने पूज्य पिता श्री स्व. गिरधारीलाल जी लिल्हारे (शिक्षक) की पुण्य स्मृति में डैडबॉजी फ्रिजर प्रदान किया था, तो वहीं आज 28 मार्च को वारासिवनी के ग्राम झालीवाड़ा में भी लोकेश लिल्हारे के सौजन्य से डैड बॉडी फ्रिजर प्रदान किया गया।ग्राम झालीवाड़ा में समारोहपूर्वक आयोजित किये गए डैड बाजी फ्रिजर डोनेट कार्यक्रम में स्व. गिरधारीलाल जी लिल्हारे की सुपुत्री एवं जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे बड़ी बहन एवं जीजाजी सी.डी. नागपुरे के करकमलों से यह डैड बॉडी फ्रिजर ग्राम को प्रदान किया गया।

## बोले जीजाजी सी.डी. नागपुरे..

झालीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में जीजाजी सी.डी. नागपुरे ने कहा कि उनके ससुर स्व. श्री गिरधारीलाल लिल्हारे हमेशा लोकेश जी को सेवा एवं पुण्य कार्यों की शिक्षा प्रदान करते थे, जबकि वहीं उनकी प्रेरणा एवं आशीर्वाद से लोकेश जी ने बड़े पद पर कार्य का अवसर प्राप्त किया, तो उन्होंने स्वयं के लिये नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिये अपने आपको समर्पित कर दिया है।समाज में शिक्षा एवं सेवा के माध्यम से बदलाव के लिये वे कार्य कर रहे हैं। मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीजाजी सी. डी. नगपुरे ने कहा कि हर वर्ष अपने एक माह के वेतन से डेड बॉडी फ्रिजर एवं अन्य उपयोगी सामग्री जरूरतमंद क्षेत्रो में वे उपलब्ध कराते है, और आज समय की आवश्यकतानुरुप झालीवाड़ा ग्राम के लिये भी उन्होंने बाडी फ्रिजर डोनेट करने का काम किया है।

## यह रहे उपस्थित..

गौरतलब है कि कार्यक्रम की शुरुवात स्वर्गीय गिरधारीलाल लिल्हारे जी (शिक्षक) के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ हुई। इस दौरान झालीवाड़ा ग्राम पंचायत भवन मे खुशीलाल राणा, गोविन्द राम तिलगाम, हिरालाल भैरम, हेमंत चौधरी, घनश्याम देशमुख, कोथुलाल शरणागत, डेलचंद रहांगडाले, ग्राम पंचायत झालीवाड़ा की सरपंच उमेश्वरी (मोनू देशमुख), जनपद सदस्य ओमेश्वरी (स्वर्गीय भाउलाल देशमुख) एवं ग्राम पंचायत उपसरपंच एवं सभी पंचगण और सभी सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

# गोरेघाट में शहीद टंट्या मामा प्रतिमा अनावरण, विधायक गौरव पारधी ने दी वीर टंट्या मामा को श्रद्धांजलि..




जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***पठार अंचल के ग्राम गोरेघाट में अमर शहीद टंट्या मामा की प्रतिमा के अनावरण के इस गरिमामयी अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी की विशेष उपस्थिति रही, जहां उन्होंने न केवल कार्यक्रम में सहभागिता की,***

बल्कि ग्राम की समृद्ध परंपरा और वीरता की विरासत को भी नमन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई भव्य शोभायात्रा में उनकी सहभागिता ने आयोजन को और अधिक आकर्षक और उत्साहपूर्ण बना दिया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी पूरे जोश और उमंग के साथ शामिल हुए।

## वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक टंट्या मामा, युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोतः विधायक गौरव सिंह पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरव पारधी ने टंट्या मामा एवं रानी दुर्गावती जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके अद्वितीय साहस, त्याग एवं संघर्ष को याद किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि टंट्या मामा केवल एक वीर योद्धा नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं, जिनका जीवन संघर्ष हमें अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देता है।

## शोभायात्रा रहा में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम

प्रतिमा अनावरण के इस अवसर पर ग्राम गोरेघाट में निकाली गई भव्य शोभायात्रा ने पूरे आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। शोभायात्रा में विधायक गौरव सिंह पारधी की सहभागिता से जनसमूह में खास उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और जयघोष के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, मातृशक्ति के साथ-साथ आदिवासी समाज के जनों की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच नंदकिशोर जामुनपाने, भूतपूर्व सरपंच रमन बिठले, जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रेमलाल उईके, मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश सोनवाने, स्वप्निल पटले सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# पीएमश्री शास कन्या उ मा वि का नवमी का परीक्षा परिणाम 38.70 प्रतिशत रहा..









जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के आमगांव रोड स्थित पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि लांजी के कक्षा 9वी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार गत दिवस घोषित किया गया।***

जिसमें कक्षा 9वी में दर्ज 220 छात्राओं में से 217 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसमें 84 उत्तीर्ण तथा 133 छात्राएं अनुत्तीर्ण हुई इस प्रकार कक्षा 9वीं का कुल परीक्षाफल 38.70 प्रतिशत रहा।

इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं में कला संकाय में दर्ज 229 छात्राओं में से कुल 223 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसमें 149 छात्राए उत्तीर्ण तथा 74 छात्राएं अनुत्तीर्ण हुई इस प्रकार कला संकाय का कुल परीक्षा परिणाम 66.81 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार गणित संकाय में कुल दर्ज 10 में से 10 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई जिसमें से 9 छात्राएं उत्तीर्ण तथा 1 छात्राएं अनुत्तीर्ण हुई इसका परीक्षा फल 90 प्रतिशत रहा तथा जीव विज्ञान संकाय में कुल दर्ज 74 छात्राओं में से 42 उत्तीर्ण तथा 32 अनुत्तीर्ण हुई तथा जीव विज्ञान संकाय का कुल परीक्षाफल 56.75 प्रतिशत रहा कक्षा 9वी में शिवानी जामरे ने 79.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हिमांशी गुर्दे ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा भूमिका बरगैया ने 74.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इसी प्रकार 11वीं कला संकाय में भार्गवी कावडे ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पलक बरगैया ने 79.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा दिव्या सोनवाने तथा शिवानी टांडेकर ने 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में माधुरी रामटेकर ने 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, उर्वशी ढोक ने 76.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय तथा आकांक्षा मेश्राम ने 75.4 प्रतिशत अंक अर्जित का तृतीय स्थान प्राप्त किया । जीव विज्ञान संकाय में लक्ष्मी कुन्हारकर ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान ईशा कुचलाहे तथा रोशनी चंदेले ने 83.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा याचना चौधरी ने 78.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इस परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम वाली छात्राओं को संस्था के प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे ने शुभकामनाएं प्रेषित की तथा इस परीक्षा में असफल छात्राओं को द्वितीय अवसर की परीक्षा में अच्छी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ की ओर से भी सफ्ल छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# नेवरगांव कला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन..

## जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले के विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम नेवरगांव कला में 26 मार्च 2026 को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।

अभियान के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट **(FTK)** के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। यह कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट के ब्लॉक समन्वयक श्रुति गजभिये, खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। टीम द्वारा मौके पर ही जल के नमूनों की जांच कर क्लोरीन, आयरन एवं फ्लोराइड जैसे महत्वपूर्ण मानकों का परीक्षण कर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया। गांव के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को **FTK** के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया जिससे वे भविष्य में स्वयं भी जल की गुणवत्ता की जांच कर सकें।

अधिकारियों द्वारा यह जानकारी भी दी गई कि यदि किसी नमूने में पानी दूषित पाया जाता है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

इसके साथ ही ग्राम में जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान चलाया गया। सरपंच, ग्रामीणजन माध्यमिक शाला के शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं ने मिलकर जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया और श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य किया।

इस प्रकार नेवरगांव कला में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान न केवल जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, बल्कि ग्रामीणों में स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रभावी रहा।

# युग परिवर्तन के दौर जन जन के मन में राम तत्व का जागरण अनिवार्य..

## राम भक्ति के सब अधिकारी- साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती जी..





जगप्रेरणा लांजी।

***दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामकथा के प्रथम दिन 27 मार्च शुक्रवार को कथाव्यास साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती जी ने भक्तिमय***

वातावरण में अवध एवं लंका के तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से श्री राम तत्व का गहन संदेश दिया। वहीं दूसरे दिन 28 मार्च को प्रभु श्री राम के बाल लीला का वर्णन किया गया। साध्वी जी ने कहा, 'जहाँ श्रीराम तत्व का जागरण हो जाता है, वह स्थान अवध हो जाता है। फिर उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह घटना मात्र समष्टि में ही नहीं, अपितु व्यष्टि (व्यक्तिगत) स्तर पर भी घटती है।'

कथाव्यास जी ने दशानन रावण को दीमक की संज्ञा देते हुए उनकी आतंकवादी गतिविधियों का विस्तृत नक्शा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि रावण की आतंकवादी गतिविधियाँ लंका से शुरू होकर त्रिशिरापल्ली, जनस्थान, दंडकारण्य होते हुए चित्रकूट तक फैली हुई थीं। रावण साधारण जनमानस को आतंकित करके असुर बनाने पर विवश करता था। गौ-वध, नारियों का शोषण तथा ऋषि-मुनियों पर अत्याचार—ये रावण की आतंकवादी गतिविधियों के प्रमुख पहलू थे। उन्होंने कहा, 'त्रेता युग के ऐसे परिवेश में जनमानस ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण वसुंधरा 'त्राहि-त्राहि' कर उठी थी।' साध्वी जी ने जोड़ा कि ऐसा वातावरण हर युग में बनता है और फिर परमात्मा स्वयं शरीर धारण करके जनसाधारण की पीड़ा हरने के लिए अवतरित होते हैं।

वर्तमान समाज में बढ़ रही हिंसा, अपराध, रोष, आपसी भेदभाव और नारी शोषण जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए साध्वी पद्महस्ता भारती जी ने कहा, 'आज हम फिर युग-परिवर्तन के उसी दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ जन-जन के हृदय में श्री राम तत्व का जागरण अनिवार्य हो गया है।'

श्री राम तत्व के जागरण को आस्तिकता का आधार बताते हुए उन्होंने समाज में व्याप्त पाखंडों का खंडन किया और कहा, 'नास्तिक मात्र वही नहीं जो ईश्वर को नहीं मानता, नास्तिक वह भी है जो ईश्वर को मानता है पर उसे जानता नहीं है।' ईश्वर दर्शन के व्याख्यान में उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी की प्रसिद्ध उक्ति दोहराई—'यदि ईश्वर है तो हमें उसे देखना चाहिए, यदि आत्मा है तो हमें उसे अनुभव करना चाहिए, अन्यथा नास्तिक होना बेहतर है बजाय कायर या पाखंडी होने के।'

साध्वी जी ने दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी को समय के पूर्ण सतगुरु बताया और कहा कि वे ब्रह्मज्ञान के माध्यम से जन-जन में श्री राम तत्व को जागृत कर रहे हैं। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ऐसे विशिष्ट मानवों का संगठन है, जिनके भीतर श्री राम के ज्योति स्वरूप का जागरण हो चुका है।

# किरनापुर नेवारा पहाड़ी पर भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ माता शारदा का कलश विसर्जन व पूजन




जगप्रेरणा किरनापुर।

***चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर किरनापुर क्षेत्र के ग्राम नेवारा स्थित ऊंची पहाड़ी पर विराजीं माँ शारदा के दरबार में***

श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।नवरात्रि के समापन अवसर पर यहाँ विधि-विधान के साथ मंदिर के पुजारी पंडित नरेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा अष्टमी को माता का कलश विसर्जन एवं विशेष पूजन कार्यक्रम करवाया आयोजन गौरवपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## भक्ति और अनुष्ठान का संगम..

नेवारा पहाड़ी पर स्थित मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्तों की भीड़ रही। सप्तमी, अष्टमी और नवमी के विशेष हवन-पूजन के बाद, निर्धारित मुहूर्त में जोत कलशों का विसर्जन किया गया। नवमी को कलश धारण करने वाली सभी महिलाओं को नम्रता देवी शुक्ल द्वारा साड़ी प्रदान की गई जिसे पहनकर सभी महिला कलशधिरियो ने हंसी-खुशी के साथ कलश विसर्जन किया। जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक भजनों और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कलश विसर्जन कार्यक्रम में न केवल नेवारा, बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीण भी शामिल हुए। पूजन और विसर्जन कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल व संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करने वाले संतोष शनिचरे, छत्तीसगढ़ छुरिया के भोला भाई, कैलाश भीड़ी, पंकज पाथर गांव सहित स्थानीय युवाओं में कैलाश समीर पंकज आशीष शुभम दीपक रूपेश पीतम और वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

ग्राम पंचायत कलपाथरी जनपद पंचायत लांजी
जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 28/03/2026

।। निविदा सुचना।।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कलपाथरी जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 02 अप्रैल 2026 से 07 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच — लिकेश खुमेद्र येड़े
उपसरपंच — लालचन्द नौखरे
सचिव — नंदकुमार बिहोने

सहा. सचिव - बसंत येड़े एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कलपाथरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

ग्राम पंचायत काकोडी जनपद पंचायत किरनापुर
जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 27/03/2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ककोड़ी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 28/03/2026 से 4/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच — कमल अगासे
उपसरपंच — श्रीमती रामप्यारी घोरमारे
सचिव — सीताराम घोरमारे

सहा. सचिव - रामकृष्ण रिन्हायत एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत ककोड़ी जनपद पंचायत किरणापुर जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

# ब्राइट करियर इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों का सराहनीय रहा परीक्षा परिणाम..




जगप्रेरणा किरनापुर।

***राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा कक्षा पांचवीं व आठवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम दिनांक 25 मार्च 2026 को जारी किया गया।***

स्व. श्री रामकुमार जोशी शिक्षा समिति किरनापुर द्वारा संचालित किरनापुर नगर के अग्रणी शिक्षण संस्थान ब्राइट करियर इंग्लिश स्कूल किरनापुर का कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था व माता-पिता का नाम रोशन किया है।

## कक्षा आठवीं में सफलता के नए कीर्तिमान..

कक्षा आठवीं में कुल 44 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। इनमें से रिकॉर्ड 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल हैं। जिसमे कृति गट्टानीः 97 प्रति.(प्रथम), ट्विंकल पारधीः 96.16 प्रति.(द्वितीय), शुभांगी राहंगडालेः 95.66 प्रति. (तृतीय)।

## अन्य अत्यधिक मेधावी छात्र :

आशु कनोजे (94.5 प्रति.), खुशांक बिसेन (94.33 प्रति.), हिमांशु पाठक (94.16 प्रति.), परी मसखरे (93.33 प्रति.), शौर्य तिवारी (93.33 प्रति.), देशांत खरे (93.33 प्रति.), देवांश पारसमोड़े (93 प्रति.), सुमायरा कुरैशी (92.66 प्रति.), प्रयाग जामरे (92.5 प्रति.), सिमरन भटेरे (92 प्रति.), जिगर बिरनवार (91.83 प्रति.), विराट डोंगरे (90.83 प्रति.) एवं

## कक्षा पांचवीं के नन्हे सितारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन..

कक्षा पांचवीं में भी कुल 44 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और परिणाम सराहनीय रहा। नन्हे सितारों ने अपनी मेहनत से सबको गौरवान्वित किया: कृति पारधीः 92.5 प्रति. (प्रथम),मौली बेंसोड़ः 92 प्रति. (द्वितीय), आराध्या सोनवाने एवं कनिष्का भिमटेः 89.75 प्रति. (संयुक्त तृतीय)। **अन्य प्रमुख विद्यार्थीः** दीरब वैद्य (88.5 प्रति.) और मीर कौसिन अली (88.25 प्रति.) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

## हर्ष का माहौल..

संस्था की इस उपलब्धि पर संचालक श्री मुकेश जोशी, प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीता घोड़ेस्वार, शिक्षकगण तनुजा राहंगडाले, साहिल घरड़े, निखार बैस, अफ़्शा कुरैशी, श्वेता भारद्वाज, दीपाली उपवंशी, प्रियंका हुमनकर, आकांक्षा पाराशर, मयूरी परिहार एवं समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सरपंच चमरूलाल पगरवारे पंचतत्व में विलीन..



परसोड़ी मोक्षधाम में नम आंखों से दी सबने अंतिम बिदाई..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत परसोड़ी के सरपंच चमरूलाल पिता लक्ष्मण पगरवारे जी का 57 वर्ष की आयु में बिमारी के चलते 27 मार्च को शाम 4 बजे निधन हो गया।***

आप अपने पीछे, पत्नि सहित 3 पुत्रीयॉ एवं 1 पुत्र नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड इस दुनिया से विदा हो गये। बताया जा रहा है कि चमरूलाल जी विगत कुछ दिनो से बिमारी के चलते नागपूर के हॉस्पिटल में भर्ती थे जहां उन्होने अपनी अंतिम सांसे ली। चमरूलाल जी के निधन पर संपूर्ण ग्राम एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

चमरूलाल पगरवारे बेहद ही सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होने ग्राम परसोड़ी में विकास की नई गति उर्जा प्रदान की थी। आपके निधन पर विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व विधायक हिना कावरे, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल,सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे, ऋषि दशरिया ब्लॉक अध्यक्ष बहेला, अजय अवसरे सहित क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि गण, नाते रिश्तेदार, गणमान्य नागरिक गण तथा ईष्ट मित्रो, सरपंच साथी, जनपद पंचायत लाजी के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीणो जनो के द्वारा चमरूलाल जी की अंतिम यात्रा में शामिल होकर नम आंखो से पंच लकड़ी प्रदान करते दो मीनट का मौन धारण किया तथा ईश्वर से मृत आत्मा को शांति एवं अपने श्री चरणो में स्थान प्रदान करने तथा इस दुख की घड़ी में परिजनो को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## अफ़वाहों का बाज़ार : सरकार, विपक्ष और समाज की ज़िम्मेदारी

वर्तमान में संपूर्ण विश्व भू-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिकाओं और आर्थिक अनिश्चितताओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। इस वैश्विक उथल-पुथल के मूल में रूस-यूक्रेन महासमर, ईरान-अमेरिका,इजरायल के मध्य गहराता संघर्ष, अमेरिका की संरक्षणवादी टैरिफ नीतियां तथा तीव्र होती वैश्विक गुटबाजी जैसे कारक प्रमुख रूप से उत्तरदायी नजर आते हैं।इन द्वंद्वों के परिणामस्वरूप ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तंत्र, कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थिरता जैसे विषय आज राष्ट्रों के लिए अत्यंत चिंताजनक बन गए हैं। जहाँ कुछ राष्ट्र प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं इसके परोक्ष आर्थिक दुष्प्रभावों का सामना करने को विवश हैं। विशेष रूप से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और कीमतों की अस्थिरता को नियंत्रित रखना विकसित से लेकर अविकसित देशों तक के लिए एक चुनौती बन गया है।ऐसे संकटकाल में, भारत जैसे विशाल एवं संवेदनशील लोकतंत्र के समक्ष न केवल ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की चुनौती है, बल्कि आंतरिक स्तर पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफ़वाहों के विरुद्ध जनमानस को सचेत व जागरूक करना भी एक अनिवार्य दायित्व बन गया है।

आज सोशल मीडिया और अनौपचारिक स्रोतों के माध्यम से भ्रामक खबरें तीव्र गति से फैल रही हैं। कहीं फिर से लॉकडाउन लगने का डर दिखाया जा रहा है, तो कहीं ईंधन की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है, तो कुछ तेल और गैस की कीमतों के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान जैसे किराना आदि के दामों में भारी वृद्धि होने का डर फैलाया जा रहा है।कुछ तत्व तो विश्व युद्ध या परमाणु हमले का भय दिखाकर जनता को आवश्यक वस्तुओं के भंडारण की अनुचित सलाह दे रहे हैं। ऐसी अपुष्ट सूचनाएं न केवल सामाजिक तनाव बढ़ाती हैं, बल्कि आर्थिक असंतुलन और 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) को भी जन्म देती हैं।इसका सबसे घातक परिणाम यह होता है कि बाज़ार में कृत्रिम कमी पैदा हो जाती है, जिसका लाभ जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले तत्व उठाते हैं।हाल ही में गैस की कालाबाजारी के कुछ मामले पकड़े भी गए हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि अफ़वाहें केवल सूचना का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

डिजिटल क्रांति ने सूचना के प्रसार को पंख दे दिए हैं, लेकिन इसी के साथ अफ़वाहों की गति भी बढ़ी है। कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व पुराने वीडियो को वर्तमान संघर्षों से जोड़कर या विदेशी घटनाओं को भारत का बताकर साझा करते हैं। कुछ लोग तो पड़ोसी और अन्य विश्व के देशों में तेल और गैस की किल्लत और दामों में वृद्धि को दिखा कर भ्रम फैला रहे हैं कि भारत में भी ऐसे ही हालात निर्मित होने वाले हैं।ऐसी भ्रामक स्थिति में आम नागरिक के लिए सत्य और असत्य के बीच की धुंधली रेखा को पहचानना कठिन हो जाता है, जिससे समाज में अविश्वास का माहौल पनपता है। अतः सरकार का दायित्व हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और विदेश नीति पर निरंतर पारदर्शिता और जनता से संवाद बना कर रखे। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा सभी राजनीतिक दलों के साथ संवाद इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, जैसा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह के प्रयास किए गए हैं। इसी दिशा में सभी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया गया तथा वस्तु स्थिति पर राज्य सरकारों की आगामी रणनीति कैसी होनी चाहिए पर विचार किया गया। सब का विश्वास अर्जित करने की दिशा में इसे अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।

विपरीत स्थितियों में विपक्षी दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, किंतु राष्ट्रीय सुरक्षा या वैश्विक संकट के समय विपक्ष को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्हें ऐसे वक्तव्यों से बचना चाहिए जो जनता में भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। रचनात्मक सुझाव देना और संकट के समय सरकार के साथ खड़े होकर जनता का मनोबल बढ़ाना ही एक परिपक्व विपक्ष की पहचान है। नीतियों का विरोध वैचारिक हो सकता है, लेकिन वह राष्ट्र के मनोबल को कमजोर करने वाला कदापि नहीं होना चाहिए।हर विपक्ष दलों के नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर एक बार देखने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा संकट की इस घड़ी में दिया गया वक्तव्य क्या देश हित में उचित है?

मैं तो इस समय यही कहना चाहूंगा कि वैश्विक संकट की घड़ी में सरकार, विपक्ष और जनता की आवाज़ एक होनी चाहिए। जब देश के भीतर एकता होती है, तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना सरल हो जाता है। समाज को भी यह समझना होगा कि बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और साझा करना अफ़वाह को बढ़ावा देना है। आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करना और 'फैक्ट-चेक' की संस्कृति विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मीडिया को भी सनसनीखेज खबरों के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता पर ध्यान देना चाहिए।अफ़वाहों का संक्रमण तभी रुकेगा जब सरकार पारदर्शी हो, विपक्ष उत्तरदायी हो और समाज जागरूक हो। हमें डर और भ्रम से नहीं, बल्कि तथ्य और संयम के साथ आगे बढ़ना होगा।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## एक बिही का पेड़ था..

एक बिही का पेड़ था हमारे आँगन में
उसके मीठे फल खाकर बड़ा हुआ मैं

उसकी एक डाल चढ़ आई थी
हमारे घर की छाजन पर
बताते हैं मेरे बाबा
उसे काटकर बनाए झूले में झूलता रहा मैं

जैसे-जैसे बड़ा हुआ
उसके एहसानों को भूलता गया मैं

एक दिन जरूरत पड़ी
और उसे भी काट दिया मैंने
कट गया कोई विरोध नहीं किया उसने

पेड़ जिद्दी था
प्रेमी जिद्दी ही होते हैं
फिर उग आया
उसे प्रेम निभाना आता था

अब-जब मैं चालीस पार का हो रहा हूँ
पैरों की रफ्तार कमजोर पड़ रही है
दिल की रफ्तार बढ़ रही है

मैं साथ ढूँढ रहा हूँ
सब मेरा साथ छोड़ रहे हैं

तब जाकर बैठता हूँ उसी ठूँठ के सहारे
उसकी हरी पत्तियाँ मेरे साहस को बढ़ाती हैं
मुझे ढाँढस बँधाती है

मुझे मेरी मूर्खता पर शर्म आ रही है
उसे अपनी दोस्ती पर गर्व है...।

आशीष मोहन

## चांदनी रात..

चांदनी रात में आती है
अक्सर उनकी याद।
दिल करता है फिर जल्दी
मिलने की फरियाद।

उनकी याद आते ही मन
पहुॅच जाता है अतित में।
यादें फिर परिवर्तित होती है
किसी प्यार के गीत में।

अतित की घटनायें हो जाती है
तरोताजा मन के आंगन में।
कुछ नये रंग घुलते जाते है
निरस हो चुके जीवन में।

लगता है पंछी बनकर जाऊ
इसी क्षण उनसे मिलने के लिये।
लेकिन संभव नही हो पाता
तन साथ नही देता जाने के लिये।

रचनाकार



चिरंजीव बिसेन
गोंदिया


## दशा महा दशा..

मुर्हुत में मत जाओं।
मुर्हुत में तो कोई।
काम होता नहीं।
अपने कर्मों में जाओं।
जो मन कहे।
उस पर जाओं।
तिथियाँ बदल रही।
गुणाभाग में समय बर्बाद।
होते जा रहा है।
जब देश बिना।
मुर्हुत में आजाद हुआ था।
उस समय बरसात।
एक रात थी।
सब सोए थे।
वे जाग रहे थे?
दूसरे दिन पता चला था।
भ्रष्ट,अत्या, बला, सजा।
सब तो बिना मुर्हुत।
ध्यान और ज्ञान।
में जी रहा?



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 80



ck;I lI nk;I l& 1) श्रीकृष्ण की राजधानी,, चार धामों की यात्रा में से एक 4) किसी महात्मा या मान्यवर की जन्मतिथी 6) सप्ताह का एक वार 9) लाचारी से 12) अधिकार 14) मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला 16) पथ, रास्ता 17) शरीर की ऊंचाई 18) पंजाब से बहनेवाली एक नदी 19) हिन्दू पुराणों के अनुसार मृत्यु के बाद मनुष्य की आत्मा को अपने किये हुये पापों का फल भोगना पड़ता है 20) ईश्वर (उर्दू) 21) मजबुत 23) तुरंत 24) पतली डोरी या रस्सी 25) वास्ता, रिश्ता 27) औषधी 28) रसिया, सहृदय, आनन्द लेनेवाला 30) गदा धारण करनेवाले भीम 31) दवा की निर्धारित मात्रा, एक व्यक्ति का एक समय का नियत भोजन 32) श्रृंगार, वेश–विन्यास 33) निषेध 35) सड़क पर बन्दर के करतब दिखानेवाला 36) पिता (उर्दू) 37) ताकत, शक्ति 38) जनानखाना 40) जीवन निर्वाह, उदर निर्वाह 43) मूषक 44) गले में पानी डालकर गरगर शब्द कर के कुल्ला करने की क्रिया 47) नमक डाला हुआ खाद्यान्न 49) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 50) सौ हजार, लक्ष 51) एक दर्जन 52) महाराष्ट्र के ठाणे जिले का एक गांव 53) 'उदय' का विरुद्धार्थी शब्द, लोप 54) नारी 55) रामायण में श्रीरामजी की वानर सेना का एक सेनापती 57) बिहार राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री का केवल नाम 59) अण्ड, अंडा, शब्द संग्रह की किताब 60) राक्षसों के राजा 62अ) चेतना, सुधबुध, स्मरण 64) रशिया की एक न्युज एजेन्सी 66) शपथ 67) शरमीला 68) रंगभूमि, रंगमहल 69) जोखिमभरा, खतरे से भरा हुआ 71) घूर्त, कपटी, धोखा देनेवाला 73) पिता, जनक 76) घ्राणेन्द्रिय 77) सप्ताह का एक दिन 80) पिघलाना 81) खोजबिन करना, अन्वेषण करना 85) शहद, मीठा 86) फलों का रस 87) पिता का एक आदरयुक्त संबोधन 88) फंसना, रुकना 91) पकड़ना का भूतकाल 92) आंखों में डाला जानेवाला अंजन 94) पहलू, पन्द्रह दिन 95) बिलकूल अकेला पड़ना 98) अंग्रेजी में शीशा 99) भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह 100) हैदराबाद के एक प्रसिद्ध म्युजियम का नाम 102) इंदौर रियासत के पूर्ववर्ती शासक का कुलनाम 103) रोटी सेंकने का धातु का गोल उपकरण 104) इस निर्वाचन स्थल से चंद्रशेखरजी लोकसभा चुनाव जीतते थे 105) इच्छा, आकांक्षा 106) बादल का चिल्लाना 110) प्रशंसा, साधु–वाद 111) मुगल सम्राट अकबर का चतुर मंत्री 112) सेतु 113) माता, जननी 114) रामायण में श्रीरामजी के पिता

Åij lI ulp l& 1) चार युगों में तिसरा युग 2) मार्गप्रदर्शक (उर्दू) 3) समय का प्रवाह, यमराज 4) जन्म 5) शुश्रुषा 7) भीषण, कठीन, भयंकर 8) बहस 9) हिमाचल प्रदेश का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल 10) जिस समय 11) हिन्दूओं का एक पावन त्यौहार 12) हमेशा 13) कमाने के लिए किसीको प्रवृत्त करना 15) वाद्य बजानेवाला 18) चित्तीदार, रंगबिरंगा 22) कलंकित 23) भेड़ बकरियां चरानेवाला 24) मदिरा 25) विश्व, जगत 26) अमीर 29) गीदड़ 31) स्वार्थी (उर्दू) 34) एक पक्षी 35) हंसोड़ 39) समान होने का भाव, बराबरी 41) यौवन 42) आफत 43) चूर्ण 45) रात को सुगंध देनेवाला फुलों का एक पेड़ 46) नाई का एक औजार, छुरा 48) राजा 51) वाटिका 52) खींचातानी 53) नाकामयाब 56) एक प्रसिद्ध गायिका जिसे भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया 58) एक सफेद जलपक्षी 59) दूर्वचन करना, गाली देना 61) भूकंप 62) यंत्र (अं.) 63) पूर्ण पंडित, पूर्ण जानकार 65) सत्य 66) कमल के समान सुन्दर हाथ 70) पेड़ का धड़ 71) हिन्दू धर्म में वर्णित प्राचीन आश्रमों की संख्या 72) बहुत प्रसन्न होना इस अर्थवाला एक मुहावरा 74) मां के पिता के पिता 75) मकान 78) जिसको पढ़ना, लिखना बिलकुल आता न हो 79) गंध, रहना 82) असावधान 83) सख्त 84) विफल, असफल 87) केश 88) यदि 89) बैल गाड़ी या रिक्शा का छत 90) कठोर 93) पानी 94) ढाक, रेसु 95) ....... मगर करना, तरह तरह के बहाने बनाना 96) सुखी भूमि, स्थल 97) पक्षाघात 98) 'मीत' के लिए गीतों में प्रयुक्त संबोधनवाची शब्द 99) हिन्दू धर्म में वर्णित चार युगों में से एक 100) किनारा (उर्दू) 101) वन 104) कॉपी, कागज के लिखने के पन्नों की पुस्तिका 105) सपना, स्वप्न 107) एक धातू 108) कुल, घराना 109) हस्त (जबाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## महाभारत - १

egkHkkjr dk dFkkud rk vkidk irk gh g- dN loky egkHkkjr l-

ldr l&1. दुष्यंत, शकुंतला का पुत्र
2. चिरंजीवी द्रोण पुत्र
3. कौरवों के ज्येष्ठ भ्राता
4. कर्ण का एक नाम
5. कुरुक्षेत्र के युद्ध का प्रत्यक्ष वर्णन धृतराष्ट्र को करनेवाले मंत्री
6. धर्मराज
7. चक्रव्यूह तोडनेवाला अर्जुन पुत्र
8. द्रौपदी का एक नाम




## सू-डोकू- 80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 6 | | 9 | 7 | | 4 | 8 |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | |
| 4 | | | 8 | | 6 | 9 | | 3 |
| | 9 | 1 | | 4 | 5 | | 3 | 2 |
| 3 | | | 6 | 8 | | 7 | | |
| 5 | | 8 | 3 | | 2 | 4 | 6 | 9 |
| | 6 | | 4 | 5 | 3 | | 8 | |
| 8 | 5 | 4 | | 7 | | 3 | | 6 |
| 7 | | | 9 | | 8 | | | 4 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

lMkd 79 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |



जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन





## स्टार्क ने आलोचकों पर निशाना साधा

## चोट के कारण सत्र की शुरूआत में बाहर हूं..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है।***



बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है।

इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।'

उन्होंने कहा, 'इन लोगों ने आईपीएल में मेरी भागीदारी को लेकर कुछ कड़े बयान दिए हैं। इन्होंने खिलाड़ियों के बारे में पूरी तरह से गलत जानकारी वाली राय दी है, उन्हें सच मानकर प्रचारित किया है। और उन्होंने दावा किया है कि वे मेरे शरीर को मुझसे बेहतर जानते हैं।'

छत्तीस साल के इस खिलाड़ी ने पिछले आईपीएल सत्र में 14 विकेट लिए थे। इस साल लीग की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होने के लिए उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी से माफी मांगी। साथ ही उन्होंने उस टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का वादा किया जिसने 2025 की नीलामी में उन्हें अपनी टीम में शामिल करने के लिए 11.75 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

स्टार्क ने कहा, 'इन सब बातों के बावजूद, मैं मानता हूं कि इस समय चोट की यह समस्या दिल्ली टीम के लिए परेशानी पैदा करने वाली है। मैं इसके लिए और इस सत्र के शुरुआती हिस्से में उपलब्ध नहीं होने के लिए प्रशंसकों से माफी मांगता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।' इससे पहले उनकी पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की पूर्व कप्तान एलिसा हीली भी उनके बचाव में सामने आई थीं।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने हाल में स्टार्क के टीम से जुड़ने को लेकर उम्मीद जताई थी। उन्होंने कहा था कि जैसे ही क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें अनापत्ति पत्र जारी करेगा, वह किसी भी समय टीम से जुड़ सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी कार्यभार प्रबंधन के कारण आईपीएल के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएगी।

## चिन्नास्वामी में क्रिकेट की वापसी, अफरा-तफरी की बजाय शांत और व्यवस्थित दिखा स्टेडियम..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कई महीनों की अनिश्चितता और विचार-विमर्श के बाद शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सत्र के शुरूआती मैच से क्रिकेट की वापसी हुई। स्टेडियम की तैयारियां भी काफी अच्छी और संतोषजनक रहीं।***



आरसीबी के चार जून 2025 को खिताबी जीत के जश्न के दौरान यहां मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी। इस घटना ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी करने की संभावनाओं को खतरे में डाल दिया था। लेकिन वेंकटेश प्रसाद के नेतृत्व में नव-निर्वाचित कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासन ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ लगातार बैठकें कीं, ताकि स्टेडियम को मैचों की मेजबानी करने की अनुमति मिल सके।

आईपीएल मैच के लिए सभी संबंधित लोगों को तैयार करने के मकसद से 23 मार्च को दो 'मॉक ड्रिल' किए गए थे। इसके बावजूद थोड़ी घबराहट जरूर रही होगी क्योंकि मैच की स्थिति से निपटना एक बिल्कुल ही अलग और बड़ी चुनौती होती है।

लेकिन स्टेडियम के समीप कब्बन रोड और क्वींस रोड पर भीड़ की आवाजाही को नियंत्रित करने से लेकर स्टेडियम में अधिक अनुशासित प्रवेश सुनिश्चित करने तक शाम की शुरुआत काफी शांतिपूर्ण रही। स्टेडियम की तैयारियां भी काफी अच्छी और संतोषजनक रहीं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हमने स्टेडियम के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया है ताकि लोग गेट के पास इकट्ठे नहीं हो सकें। मैच शुरू होने से चार घंटे पहले ही स्टेडियम के गेट खोल दिए जाने से हमारा काम थोड़ा और आसान हो गया है।' सड़कों पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किसी को भी सड़क पर दो मिनट से ज्यादा देर तक खड़े नहीं रहने दिया और उन्हें अपने गेट की ओर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

इस बार स्टेडियम से कुछ दूरी पर पार्किंग के लिए अधिक व्यवस्थित जगहें निर्धारित की गई थीं। उदाहरण के लिए गरुड़ मॉल और फ्रीडम पार्क जैसी जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था थी, जहां से खेल प्रेमी पैदल चलकर स्टेडियम तक जा सकते थे या फिर उन्हें वहां से स्टेडियम तक पहुंचाने की सुविधा (ड्रॉप) मिल सकती थी। आरसीबी के लगभग 80 प्रतिशत टिकट ऑनलाइन बेचने के फैसले से मैच के दिन गेट के पास भीड़ कम हो गई। यह पिछले साल के मुकाबले बिल्कुल अलग था क्योंकि पहले आखिरी मिनट में टिकट ढूंढने वाले लोग स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़कों पर ठसाठस भर जाते थे। यहां तक कि जर्सी बेचने वाले और टैटू बनाने वालों की संख्या भी बहुत कम थी जो पहले घूमते रहते थे। उन्हें सड़कों के कुछ खास हिस्सों तक ही सीमित कर दिया गया था। लेकिन चिन्नास्वामी स्टेडियम के आस-पास हर जगह एक बिल्कुल अलग तरह का अनुशासन देखने और महसूस करने को मिला जो पहले के माहौल से एकदम अलग था। इसके बावजूद अपार उत्साह, मैदान पर जबरदस्त एक्शन और आरसीबी के खिलाड़ियों के लिए लोगों का समर्थन बिल्कुल भी नहीं बदला।

यह तब साफ दिखा जब विराट कोहली मैच से पहले अभ्यास के लिए मैदान में उतरे और लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आरसीबी के खिलाड़ियों ने वार्म-अप के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनी थी जो भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 लोगों की याद में थी। और स्टेडियम में 11 कुर्सियां भी खाली छोड़ी गई थीं। टीम के साथ अधिकारियों और खिलाड़ियों ने इन 11 लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा। स्टेडियम के चारों ओर लगी स्क्रीन पर 'हमेशा हमारे दिलों में' लिखा हुआ दिख रहा था। इससे शाम का माहौल गंभीर और भावुक हो गया।

## नशे में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तारी के बाद टाइगर वुड्स जमानत पर रिहा...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को नशे में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार देर रात जमानत पर रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वुड्स की लैंड रोवर एक ट्रक से टकराने के बाद पलट गई थी। मार्टिन काउंटी शेरिफ जॉन बुडेन्सिएक ने बताया कि वुड्स रिहायशी सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और दुर्घटना के बाद उनमें नशे के लक्षण दिखाई दिए।***



उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं का मानना है कि वुड्स ने किसी तरह की दवा या नशीले पदार्थ का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि वुड्स काफी सुस्त लग रहे थे। वह नशे का पता लगाने के लिए सांस का टेस्ट करने के लिए सहमत हो गए थे जिसमें पता चला कि उन्होंने शराब नहीं पी थी, लेकिन उन्होंने मूत्र का परीक्षण कराने से इनकार कर दिया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फ्लोरिडा के कानून के अनुसार जमानत मिलने से पहले उन्हें कम से कम आठ घंटे जेल में बिताने पड़े। वुड्स को इस दुर्घटना में किसी तरह की चोट नहीं आई और उन्हें जेल में अन्य लोगों से अलग रखा गया था।


यह दूसरी बार है जब वुड्स को शराब के प्रभाव में न होने के बावजूद नशे में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 2017 में जब अधिकारियों ने उन्हें अपनी कार में सोते हुए पाया था, तब उन्होंने दर्द निवारक दवाओं का गलत मिश्रण लिया था। वुड्स की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब वह यह तय करने की कोशिश कर रहे थे कि क्या वह नौ अप्रैल से शुरू होने वाले मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं। उनका आखिरी आधिकारिक टूर्नामेंट 2024 में ब्रिटिश ओपन था।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

## 'क्या हुआ तेरा वादा' का हैंडसम हंक, हिट होने के बाद हुआ गायब, अब इतना बदल गया रंग-रूप..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिंदी सिनेमा के कई सितारे अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनने में सफल रहे हैं, लेकिन उनमें से कुछ शोहरत हासिल करने के बाद गायब हो गए। हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं, वह फिल्मी परिवार से थे। हालांकि, इस ग्लैमर की दुनिया में उन्होंने अपनी पहचान खुद के दम पर बनाई है,***





जो इस बात का उदाहरण है कि अपनी कला को साबित करने के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं होती। नेपोटिज्म को लेकर कई बार विवाद देखने को मिला है, लेकिन कुछ स्टार किड्स अपने हुनर के दम पर ही नाम और शोहरत हासिल करते हैं। हालांकि, नेपोटिज्म का चलन कोई नया नहीं है।

1970 और 1980 के दशक में भी अभिनेता और फिल्म निर्माता अक्सर अपने बच्चों को फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित करते थे, लेकिन नेपोटिज्म तभी काम करता है जब आपके पास प्रतिभा हो और दर्शकों को आपका काम पसंद आए।

### 70 के दशक का रॉकस्टार कौन था?

आज हम आपको एक ऐसे ही बेहतरीन अभिनेता के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बॉलीवुड के मशहूर परिवार से हैं। हालांकि, उन्होंने अपने काम के दम पर सफलता हासिल की थी, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं, सुपरस्टार आमिर खान के कजिन भाई तारिक अली खान की, जिन्हें कभी 1970 के दशक का रॉकस्टार माना जाता था।

उन्होंने अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और धर्मेंद्र जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया था। उस समय, जहां इन अभिनेताओं की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हो रही थीं, वहीं तारिक ने भी दर्शकों का दिल जीता और मेकर्स के भी पसंदीदा बन गए।

### 70 के दशक का रॉकस्टार था ये एक्टर..

तारिक अली खान 1970 के दशक में 'यादों की बारात' और 'हम किसी से कम नहीं' जैसी फिल्मों से मशहूर हुए, जिससे उन्हें सुपरस्टार का दर्जा मिला। दिलचस्प बात यह है कि इन दोनों फिल्मों का निर्देशन उनके अंकल नासिर हुसैन ने किया था। अभिनय के अलावा, वह ऋषि कपूर की फिल्म 'हम किसी से कम नहीं' के मशहूर गाने 'क्या हुआ तेरा वादा' में भी नजर आए थे। अपनी जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस की वजह से तारिक खान को अक्सर याद किया जाता है। कई लोकप्रिय गानों में नजर आने के बाद उन्हें 'रॉकस्टार' का टैग मिला और अपने दौर के सबसे दमदार एक्टर में से एक थे।

### तारिक अली खान और आमिर खान का रिश्ता..

तारिक अली खान और आमिर खान चचेरे भाई हैं, क्योंकि तारिक के पिता ने नासिर हुसैन की बहन से शादी की थी। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में तारिक ने बताया कि वह कभी एक्टर नहीं बनना चाहते थे, लेकिन परिवार के दबाव की वजह से उन्होंने हिंदी सिनेमा में कदम रखा।

### तारिक अब क्या करते हैं?

विक्की लालवानी संग तारिक अली खान का हालिया इंटरव्यू तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपनी लाइफ को लेकर खुलकर बात की। उनका लुक देख फैंस हैरान है। तारिक खान अब करीब 74 साल के हो चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 1995 की फिल्म 'मेरा दामाद' में एक एक्टर के तौर पर देखा गया था, जिसके बाद वो लाइमलाइट से दूर हो गए थे। वह अब मुंबई की एक शिपमेंट कंपनी में काम करते हैं।

## भाबीजी घर पर हैं के तिवारी जी का नया अवतार, रैंप पर अंगूरी भाभी के पति का दिखा जलवा, वीडियो वायरल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टीवी का सबसे चर्चित सिटकॉम शो 'भाबीजी घर पर हैं' अपने मजेदार एपिसोड के अलावा स्टार कास्ट को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहता है। 02 मार्च, 2015 से शुरू हुआ यह शो 11 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और फैंस का फेवरेट बना हुआ है और शो का दूसरा संस्करण भी शुरू हो चुका है,***



जिसमें असली अंगूरी भाभी उर्फ शिल्पा शिंदे नजर आ रही है। 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' के साथ सीरियल की कहानी पहले जितनी ही मजेदार और शानदार है, लेकिन शो में कुछ नए चेहरे भी हैं। एक तरह जहां अंगूरी भाभी अपने लुक्स को लेकर छाई रहती हैं, वहीं उनके ऑन स्क्रीन पति तिवारी जी का नया अवतार लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रहा है।

### रैंप वॉक पर छाए अंगूरी भाभी के पति तिवारी जी..

'भाबीजी घर पर हैं' में अपने किरदार तिवारी जी के लिए छाए रहने वाले रोहिताश्व गौर का नया अवतार देखकर फैंस हैरान है। उनका नया लुक फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। रोहिताश्व गौर को ज्यादातर लोग तिवारी जी के चुलबुले अंदाज के लिए जानते हैं, लेकिन उन्होंने स्टेज पर रैंप वॉक कर फैंस को हैरान कर दिया है। शेरवानी पहनकर टीवी एक्टर रैंप पर स्टाइल के साथ वॉक करते नजर आए। एक्टर को इस नए अवतार में देख एक यूजर ने उनकी तारीफ करते हुए, लिखा, 'तिवारी जी आप तो छा गए।' दूसरे ने लिखा, 'आपका नया अवतार एकदम धांसू है।'

### भाबीजी घर पर हैं के तिवारी जी चैरिटी इवेंट में हुए शामलि..

रोहिताश्व गौर का यह रैंप वॉक वीडियो एक चैरिटी इवेंट का है, जहां रैंप वॉक कर वह इसका हिस्सा बने। उन्होंने अपनी वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'बेटी चैरिटी इवेंट के लिए चलना मेरे लिए सम्मान की बात है... इतने सार्थक और प्रेरणादायक कार्य का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद, हर बार ये एक खूबसूरत अनुभव मिलता है।'

### मनमोहन तिवारी बन रोहिताश्व ने कमाया नाम..

रोहिताश्व गौर एक मशहूर भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता हैं, जो अपनी यादगार कॉमेडी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। वे लंबे समय से सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं!'

में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसके लिए उन्हें खूब पसंद किया जाता है। तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे अपने करियर में उन्होंने कई तरह के रोल प्ले किए हैं।

## कमबैक किंग के नाम से मशहूर हुआ स्टारकिड, हीरो पर भारी पड़ने लगा था किरदार, आज मना रहे जन्मदिन..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बीते दिनों धुरंधर में रहमान डकैत के किरदार में कमाल दिखाने वाले एक्टर अक्षय खन्ना आज 51 साल के हो गए हैं। अक्षय खन्ना ऐसे एक्टर हैं जिन्हें कमबैक किंग के नाम से भी इन दिनों पहचाना जा रहा है। उनका किरदार धुरंधर में हीरो पर भी भारी पड़ा था और उनका डांस खूब वायरल भी रहा था।***



आज इस जन्मदिन के मौके पर हम जानते हैं अक्षय खन्ना के करियर और कमबैक की कहानी। कैसे उन्हें 2010 के दशक में बाल झड़ने के चलते इसी फिल्म इंडस्ट्री ने किनारे कर दिया था। लेकिन उनकी धारदार एक्टिंग और जुनून के चलते आज भी उनकी स्टारडम बरकरार है।

### पिता थे बॉलीवुड स्टार..

अक्षय खन्ना का जन्म आज ही के दिन 1975 में बॉलीवुड स्टार विनोद खन्ना के घर हुआ था। पिता बॉलीवुड स्टार थे तो बचपन से ही फिल्मी माहौल मिला। बड़े होकर पिता की तरह एक्टिंग का रास्ता पकड़ा और 1997 में फिल्म रिलीज हुई 'हिमालय पुत्र'। फिल्म के जरिए अक्षय खन्ना को डेब्यू कराया गया और पिता विनोद खन्ना भी साथ नजर आए। हालांकि ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। इसके बाद 1997 में ही फिल्म बॉर्डर रिलीज हुई और उनके किरदार धर्मवीर सिंह को खूब प्यार मिला। बस यहीं से स्टार बन गए और उसके बाद ताल, हमराज, हंगामा, हलचल, आक्रोश समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया।

### 2010 का दशक रहा मुश्किल..

अक्षय खन्ना के लिए 2010 का दशक सबसे मुश्किल रहा है और उनके बाल झड़ने के कारण उन्हें काम भी कम मिलने लगा। अक्षय ने भी अपने काम को लेकर एक सिलेक्टिव रवैया अपनाया और कुछ चुनिंदा प्रोजेक्ट्स ही किए। 2010 में आई फिल्म तीस मार खान के बाद उन्हें कोई बड़ी फिल्म नहीं मिली। हालांकि 2017 में उन्होंने इत्तेफाक नाम की फिल्म में काम किया लेकिन कोई भी प्रोजेक्ट उन्हें कोई खास पहचान नहीं दिला पाया।

लेकिन बीते साल 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई धुरंधर ने उन्हें खूब तारीफें दिलाईं और कमबैक किंग बना दिया। आज अक्षय खन्ना का 51वां जन्मदिन है और फैन्स ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





## डब्ल्यूटीओ में आम सहमति, एमएफएन नियम वैश्विक व्यापार संतुलन के लिए महत्वपूर्णः पीयूष गोयल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन में सबकी सहमति से होने वाली निर्णय प्रक्रिया, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) नियम और विशेष एवं अलग व्यवहार वैश्विक व्यापार में संतुलन सुनिश्चित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं।***

उन्होंने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मूलभूत सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता बतायी।

मंत्री ने कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे और ब्रिटेन के व्यापार नीति राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट के साथ हुई अपनी बैठक में ये बातें कहीं। ये दोनों डब्ल्यूटीओ में सुधारों के लिए सुविधाकर्ताओं की भी भूमिका निभा रहे हैं।

गोयल ने सुधार, प्रासंगिक और प्रभावी डब्ल्यूटीओ के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, ÷संगठन के मूलभूत सिद्धांतों, विशेष रूप से सर्वसम्मति आधारित निर्णय प्रक्रिया, एमएफएन नियम आधारित व्यापार और विशेष एवं अलग व्यवहार को बनाए रखना जरूरी है, जो वैश्विक व्यापार में समानता और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।''



चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 29 मार्च को समाप्त होगा। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक हर दो साल में होती है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जिनेवा स्थित 166 सदस्यीय निकाय है जो वैश्विक व्यापार संबंधी मुद्दों का निपटान करता है। यह सदस्य देशों के बीच विवादों का निपटारा भी करता है। भारत 1995 से इसका सदस्य है।

डब्ल्यूटीओ सुधार विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा एक प्रमुख एजेंडा है। भारत इसका समर्थन कर रहा है। लेकिन उसने कहा है कि संगठन के मूल सिद्धांतों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। डब्ल्यूटीओ का संचालन इसके सदस्य देशों की सरकारों द्वारा किया जाता है। सभी प्रमुख निर्णय सदस्य देशों द्वारा सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। ये निर्णय या तो मंत्रियों द्वारा (जिनकी बैठक कम से कम हर दो साल में एक बार होती है) या उनके राजदूतों या प्रतिनिधियों द्वारा (जिनकी नियमित बैठक जिनेवा में होती है) लिए जाते हैं। निर्णय सामान्यतः सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

अमेरिका सुधारों के लिए दबाव डाल रहा है और उसने सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर मुद्दे उठाए हैं। उसका तर्क है कि यह व्यवस्था निर्णय लेने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। हालांकि, भारत सहित विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का मानना है कि यह सभी सदस्यों को समान अवसर सुनिश्चित करती है। सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र नियम कहता है कि सभी सदस्य देशों के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। डब्ल्यूटीओ समझौतों के तहत, सदस्य देश सामान्यतः अपने व्यापारिक साझेदारों के बीच भेदभाव नहीं कर सकते। यदि कोई राष्ट्र अपने किसी व्यापारिक साझेदार को कम आयात शुल्क का लाभ देता है, तो यह दर अन्य साझेदारों को भी दी जानी चाहिए। केवल मुक्त व्यापार समझौतों के तहत ही इससे छूट की अनुमति है।

विशेष एवं भिन्न व्यवहार (एसएंडडीटी) विकासशील और गरीब (कम विकसित) देशों को कुछ लाभ प्राप्त करने की अनुमति देता है। इनमें समझौतों और बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए अधिक समय लेना और उनके लिए व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने के उपाय शामिल हैं। वर्तमान में, कोई भी डब्ल्यूटीओ सदस्य स्वयं को विकासशील देश घोषित कर सकता है और इन व्यवस्थाओं का लाभ उठा सकता है। कुछ विकसित देशों का कहना है कि स्व-घोषणा डब्ल्यूटीओ को असफल वार्ताओं की ओर ले जाता है। यह संस्थागत अप्रासंगिकता की ओर ले जाता है।

प्रस्तावित डब्ल्यूटीओ सुधारों के तहत, विकसित देश कह रहे हैं कि विकासशील देश डब्ल्यूटीओ में स्व-घोषित विकास स्थिति के नाम पर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। दूसरी ओर, भारत सहित विकासशील देश विशेष एवं अलग-अलग व्यवहार के समर्थक हैं।

## केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।***



केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक 'कनेक्टिविटी' में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया।

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी।

शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है। सेवा व्यवधानों से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता उपायों का समर्थन किया गया है।।

मनोहर लाल ने पीएनजी कवरेज के विस्तार के लिए मिशन-आधारित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया और आर्थिक विकास के इंजन के रूप में शहरों की भूमिका पर जोर दिया। पुरी ने बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य का जिक्र किया और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पीएनजी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत बतायी।

पेट्रोलियम मंत्री ने राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों को विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां बुनियादी ढांचा पहले से ही उपलब्ध है, पीएनजी को अपनाने को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने को कहा।

एलपीजी व्यवधानों से उत्पन्न चिंताओं पर, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आवश्यक ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने, गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाने और कालाबाजारी को रोकने पर जोर दिया।

## गुजरात में अगले 10 दिनों में 50,000 से अधिक पीएनजी कनेक्शन देने का लक्ष्यः उपमुख्यमंत्री सांघवी..

गांधीनगर, (भाषा)।


***गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने शनिवार को कहा कि राज्य में अगले 10 दिनों में 50,000 से अधिक नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है।***

सांघवी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में पेट्रोल, डीजल, गैस, उर्वरक और अनाज की आपूर्ति की स्थिति पर बैठक की थी।

सांघवी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें राज्य में पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं के भंडार, वितरण प्रणाली और उपलब्धता की समीक्षा की गई।

उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री की पीएनजी कनेक्शन विस्तार की अपील के बाद, गुजरात ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है। हमारा लक्ष्य अगले 10 दिनों के भीतर पूरे राज्य में 50,000 से अधिक पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। पिछले 10 दिनों में 12,000 से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन और 300 से अधिक नए वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।''

सांघवी ने कहा कि राज्य भर में गैस, पेट्रोल, डीजल और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति है।



उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को लोगों तक आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया।

सांघवी के हवाले से एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटेल ने केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पीएनजी कनेक्शन को प्राथमिकता देने और नए पीएनजी कनेक्शनों को शीघ्रता से उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें खासकर आवासीय क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता देने को कहा गया है।

सांघवी ने कहा, ''देश में पीएनजी गैस कनेक्शन में गुजरात की हिस्सेदारी सबसे अधिक 23 प्रतिशत है। इसके अलावा, देश के 12 प्रतिशत सीएनजी स्टेशन राज्य में हैं। गुजरात में 12.8 करोड़ घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं। सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस कंपनियों के साथ लगातार समन्वय कर रही है।''

उन्होंने बताया कि एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए स्थापित हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक 10,000 से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने पेट्रोल, डीजल और गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफकड़ी निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों को दंड सुनिश्चित करने को भी कहा है।

सांघवी ने कहा कि इससे लोगों में कमी का झूठा डर दूर होगा।

उन्होंने कहा, ''राज्य में पर्याप्त उर्वरक भंडार उपलब्ध है। कृषि विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है कि खरीफ मौसम में किसानों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बंदरगाहों पर माल की सुचारू आवाजाही और निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि भीड़भाड़ से आपूर्ति श्रृंखला बाधित न हो।''

सांघवी ने संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि श्रमिकों को उनका वेतन समय पर मिले ताकि वर्तमान वैश्विक स्थिति के कारण उन्हें वित्तीय कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े।

उन्होंने बताया कि केंद्र के साथ समन्वय बनाए रखने और जिलों में सुचारू आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक राज्य स्तरीय समन्वय समिति और जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है।

## भारत ने शुल्क लगाने को उचित ठहराने के लिए 'पारदर्शिता' के दुरूपयोग को लेकर आगाह किया

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के 'पारदर्शिता' प्रावधान का दुरुपयोग न करें।***

भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें।

डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में 'पारदर्शिता' एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है।

अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है। उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं।

डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है। उभरती अर्थव्यवस्थाएं सूचना न देने पर लगने वाले जुर्माने का विरोध कर रही हैं। उनका तर्क है कि कई देशों में क्षमता की कमी है।

वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत ने विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए 'पारदर्शिता' का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा है कि सभी सदस्यों, विशेषकर विकासशील देशों को, निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए निरंतर क्षमता निर्माण सहायता की आवश्यकता है।''

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह मुद्दा 27 मार्च को कैमरून के याउंडे में चल रहे 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) के 'समान अवसर के मुद्दों' पर एक सत्र में उठाया था। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 166 सदस्यीय बहुपक्षीय संगठन का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक हर दो साल में एक बार होती है। भारत ने सभी सदस्यों के लिए उत्पादक क्षमता निर्माण, रोजगार सृजन और वैश्विक व्यापार में सार्थक भागीदारी के लिए उचित अवसर के महत्व पर भी जोर दिया है।

एक अलग सत्र में, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि देश समयबद्ध सुधार प्रयासों की पुनः शुरुआत का समर्थन करता है, लेकिन यह अधिक ठोस साक्ष्य विश्लेषण और प्रस्तुतियां और मंत्रिस्तरीय निर्णयों के साथ जुड़ाव के माध्यम से होना चाहिए।

बयान के अनुसार, ''भारत ने स्पष्ट रूप से चुनिंदा मुद्दों को उठाने और पूर्वकल्पित और पूर्वाग्रही दृष्टिकोणों को बढ़ावा देने से बचने का आह्वान किया।''


इसमें कहा गया है कि कुछ सदस्यों देशों के बीच आपसी समझौतों के प्रति भी आगाह किया और कहा कि वे बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को विभाजित करते हैं। अग्रवाल ने सर्वसम्मति प्रक्रिया को खुलेपन, पारदर्शिता, समावेश, सहभागिता और सदस्य-संचालित सिद्धांतों पर आधारित करने का आह्वान किया।

सम्मेलन के दौरान, गोयल ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ द्विपक्षीय बैठक की और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता की प्रगति की स्थिति का आकलन किया।

## डिग्निटी बिल्डकॉन दिवाला मामले में एक्सपेरियन डेवलपर्स को अदालत से राहत नहीं..

गुरुग्राम, (भाषा)।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुग्राम की एक्सपेरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके साथ जुड़े याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



कंपनी ने अपने खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले को रद्द करने का आग्रह किया था।

न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने शुक्रवार को जांच पर रोक लगाने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया।

जांच अभी शुरुआती दौर में है, इस बात को ध्यान में रखते हुए अदालत ने कहा कि वह दोनों पक्षों की पूरी बात सुने बिना जांच पर रोक लगाने के पक्ष में नहीं है।

अधिकारी ने बताया कि अदालत ने जांचकर्ताओं को चार सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई (जैसे गिरफ्तारी या पूछताछ) न की जाए, लेकिन अदालत ने यह राहत भी देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस याचिका के लंबित रहने से याचिकाकर्ता अन्य उचित कानूनी उपाय अपनाने से नहीं रोके जाएंगे।

यह मामला डिग्निटी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड की दिवाला प्रक्रिया से जुड़ा है। इस कंपनी के पास गुरुग्राम के सेक्टर-62, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर करीब 9.1 एकड़ की जमीन है, जिसकी कीमत 630 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले में धन शोधन की जांच कर रहा है और इस संपत्ति को पहले ही जब्त कर चुका है। जांच में यह देखा जा रहा है कि क्या एक्सपेरियन डेवलपर्स ने इस संपत्ति को कम कीमत पर हासिल करने के लिए दिवाला प्रक्रिया में गड़बड़ी की।

आरोप है कि कंपनी ने संबंधित कंपनी और जमीन को केवल एक रुपये जमा 47 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय ऋण पत्र के जरिए हासिल कर लिया। यह भी आरोप है कि कंपनी ने अपनी जुड़ी इकाइयों के माध्यम से करीब 445 करोड़ रुपये के लेनदेन में हेरफेर की।

आरोप है कि एक्सपेरियन डेवलपर्स द्वारा इस संपत्ति को हासिल करने में वास्तविक खर्च उसकी असली कीमत के मुकाबले बहुत ही कम रहा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने अदालत को बताया कि 23 मार्च को दर्ज यह मामला अभी जांच के शुरुआती चरण में है।

## डब्ल्यूटीओ में ई-कॉमर्स के लिए सीमा शुल्क पर स्थगन को लेकर मतभेदः जीटीआरआई

नई दिल्ली, (मार्च)।

***विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के कैमरून में चल रहे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स के लिए सीमा शुल्क स्थगन को लेकर काफी ज्यादा मतभेद है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शनिवार को यह जानकारी दी।***




ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि जहां अमेरिका मोहलत यानी स्थगन को स्थायी रूप से बढ़ाने पर जोर दे रहा है, वहीं भारत और अन्य विकासशील देश राजस्व नुकसान और नीतिगत बाधाओं का हवाला देते हुए इसका विरोध कर रहे हैं।

विश्व व्यापार संगठन का ई-कॉमर्स स्थगन एक अस्थायी समझौता है जिसमें सदस्य देश इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाने वाले माल/सेवाओं पर सीमा शुल्क न लगाने की प्रतिबद्धता जताते हैं

जीटीआरआई ने कहा, ''सबसे ज्यादा मतभेद सीमा शुल्क पर ई-कॉमर्स के लिए जारी मोहलत को लेकर है। दो से चार साल का अस्थायी समझौता सबसे संभावित परिणाम जान पड़ता है।''

कैमरून के याउंडे में डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का तीसरा दिन निर्णायक साबित हो रहा है। सम्मेलन में मंत्री चार क्षेत्रों... मत्स्य पालन सब्सिडी, निवेश सुविधा, ई-कॉमर्स और कृषि... पर बैठकें कर रहे हैं।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि चीन की अगुवाई में विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) समझौते को लेकर छोटी-छोटी अनौपचारिक बैठकों में भारत पर दबाव बढ़ने की संभावना है।

उन्होंने कहा, ''भारत की चिंता समझौते से ज्यादा उसके परिणाम को लेकर है। यह वास्तव में सीमित देशों के साथ समझौतों के लिए रास्ता खोलता है जो एक बार विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हो जाने के बाद 'ट्रोजन हॉर्स' की तरह काम करते हैं और धीरे-धीरे संस्था के बहुपक्षीय स्वरूप को बदल देते हैं।÷

श्रीवास्तव ने कहा कि मत्स्य पालन सब्सिडी पर बहुत कम प्रगति की उम्मीद है। इस मामले में मतभेद अभी भी कायम हैं।

उन्होंने कहा, ''डिजिटल व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विकास और बहुपक्षीय समझौतों से जुड़े तनावों के बीच, आज की चर्चा यह तय करेगी कि मंत्रिस्तरीय सम्मेलन एक मामूली समझौते में समाप्त होता है या विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के भीतर और भी गहरी दरारें उत्पन्न करता है।÷




जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर







## अंडर -19 वर्धमान क्रिकेट कप में स्टूडेंट 11 ने जीता फाइनल खिताब

## सांदीपनि विद्यालय केवलारी के मैदान पर युवाओं ने दिखाया जुनून..

जगप्रेरणा केवलारी।

***खेल सिर्फ जीत-हार का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष की सबसे बड़ी पाठशाला है—और इसका जीवंत उदाहरण विकासखण्ड केवलारी के सांदीपनी विद्यालय केवलारी के ग्राउंड में देखने मिला,***





जहां एकलव्य स्पोर्ट्स अकैडमी केवलारी द्वारा आयोजित वर्धमान कप -19 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 ने युवा खिलाड़ियों के जोश और प्रतिभा को नई पहचान दी।

22 मार्च से प्रारंभ हुए इस प्रतियोगिता में 6 टीमों के बीच राउंड रॉबिन लीग मैच खेले गए, जिनमें से शीर्ष 4 टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला स्टूडेंट 11 और महावीर 11 के बीच खेला गया। महावीर 11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। स्टूडेंट 11 ने निर्धारित 9.1 ओवर में 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महावीर 11 ने शानदार शुरुआत की, लेकिन मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने से मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। अंतिम ओवर में 24 रनों की दरकार थी, लेकिन स्टूडेंट 11 के गेंदबाजों ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इस प्रकार स्टूडेंट 11 ने 14 रन से जीत दर्ज कर खिताब हासिल किया।

### प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने बटोरी सुर्खियां..

फाइनल मुकाबले के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह में बेस्ट बल्लेबाज (ऑरेंज कैप) सत्यम यादव को 194 रन बनाने पर सम्मानित किया गया। बेस्ट बॉलर (पर्पल कैप) आयुष बघेल को 15 विकेट लेने पर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफद सीरीज का खिताब प्रिंस श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दिया गया। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार चेतन जघेला को 8 कैच लेने पर प्रदान किया गया, जबकि फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच जतिन यादव रहे। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ ₹3000 नगद पुरस्कार एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए।

### इनकी रही गरिमामई उपस्थिति..

समापन समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य स्पोर्ट्स अकैडमी के अध्यक्ष अमित तिवारी, अभय अग्रवाल, निर्मल बघेल, बाबा करीम खान, चंद्रभान चंदेल, विजय विश्वकर्मा, रमाकांत यादव, सनी सिंह, सुमित बघेल, राजा श्रीवास्तव, पन्ना साहू, हीरा चौरसिया, आशीष चौरसिया, सुधीर मुंजारे एवं सुधीर अवधिया के अलावा केवलारी के खेलप्रेमी और खिलाड़ीयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन का सफल संचालन राजा सूर्यवंशी एवं केवलारी समिति के सदस्यों द्वारा किया गया, जिसमें सभी -19 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री ओली की गिरफ्तारी के विरुद्ध नेपाल में सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को प्रदर्शन किया। सीपीएन-यूएमएल के नेता ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को 'जेन-जेड' आंदोलन को दबाने में उनकी भूमिका के आरोप में शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। उस दौरान लगभग दो दर्जन युवाओं समेत 76 लोग मारे गए थे।

ओली की गिरफ्तारी के विरोध में सीपीएन-यूएमएल के सैकड़ों कार्यकर्ता कोशी प्रदेश के झापा जिले के दमक नगरपालिका, कास्की जिले के पोखरा नगरपालिका और काठमांडू के मैतिघर मंडल और बाबरमहल में इकट्ठा हुए। सीपीएन-यूएमएल के आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं और ऑल नेपाल नेशनल फ्री स्टूडेंट्स यूनियन (एएनएनएफएसयू) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नवगठित बालेंद्र शाह सरकार और गृह मंत्री सूडान गुरुंग के खिलाफ नारे लगाए और ओली की तत्काल रिहाई की मांग की।

काठमांडू में, सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं ने मैतिघर मंडल, बाबरमहल, नया बनेश्वर, सिंहदुर्बा और भृकुटीमंडप क्षेत्रों में प्रदर्शन किया, जहां बड़ी संख्या में दंगा रोधी पुलिस तैनात थी।



प्रदर्शनकारियों द्वारा पतथराव करने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं के एक समूह ने जांच आयोग की रिपोर्ट की प्रतियां भी जला दीं, जिसमें ओली और तत्कालीन गृह मंत्री को सितंबर में 'जेन-जेड' के विरोध प्रदर्शन पर हुई कार्रवाई के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था।

भृकुटीमंडप और बाबरमहल क्षेत्रों में, सीपीएन-यूएमएल कार्यकर्ताओं और छात्रों ने टायर जलाए और सरकार विरोधी नारे लगाए। एएनएनएफएसयू से जुड़े छात्र कार्यकर्ता 'के पी ओली को तुरंत रिहा करो', 'राजनीतिक प्रतिशोध बंद करो' और 'कानून का राज कायम रखो' जैसे नारे लिखे बैनर लिये हुए थे। ओली समर्थक कार्यकर्ताओं ने सिंह दरबार सचिवालय के दक्षिणी गेट के सामने भी प्रदर्शन किया, जहां उनकी दंगा रोधी पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा अवरोधकों को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। काठमांडू जिला पुलिस परिक्षेत्र के प्रवक्ता पवन भट्टराई ने बताया कि सिंह दरबार सचिवालय गेट के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में सुरक्षा अवरोधक तोड़कर दाखिल होने की कोशिश कर रहे सीपीएन-यूएमएल के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।'जेन जेड' आंदोलन से जुड़ी घटना की जांच के लिए गठित जांच आयोग ने ओली और लेखक समेत अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले के तहत कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली नेपाल की नवगठित सरकार ने शुक्रवार को अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जांच आयोग की सिफारिशों को तुरंत लागू करने का फैसला किया।

## अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में दिनांक 24 मार्च 2026 को शासकीय मॉडल विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर से पधारे डॉ. महेंद्र कुमार भारद्वाज द्वारा विशिष्ट अतिथि व्याख्यान का आयोजन भौतिक शास्त्र विभाग के द्वारा रूस्फ़ विद्यार्थियों हेतु किया गया जिसमे व्याख्यान का टॉपिक 'कैलकुलेशन ऑफ एनर्जी बैण्ड गैप बाई अल्ट्रावायलेट विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी टेक्निक' था।***

कार्यक्रम में डॉ. भारद्वाज द्वारा पॉलिमर सैंपल तथा उसमे मिक्स किये जाने वाले डोपिंग पदार्थ के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस प्रकार संवर्धित पदार्थ के भौतिक और रासायनिक गुणों के अध्यन हेतु अल्ट्रावायलेट विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी के उपयोग पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में भौतिकी विभागाध्यक डॉ. एन. एम. कुरैशी द्वारा भी संबंधित विषय पर जानकारी दी गई । कार्यक्रम में विभाग से डॉ. सरिता खोब्रागड़े, डॉ. सी. एम. चौरे, डॉ. सुप्रिया बिसेन तथा डॉ. पंकज सोनी आदि उपस्थित थे विद्यार्थियों ने बहुत दिलचस्पी से उनके व्याख्यान को सुना तथा उनसे व्याख्यान एवं उनके द्वारा किए जा रहे शोध कार्य के संबंध में प्रश्न उत्तर भी किया अंत में कार्यक्रम के समापन के पश्चात डॉ. सरिता खोबरागड़े मैडम के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. अशोक कुमार मराठे जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ ।

## श्री हनुमान जयंती मनाने नगर में हो रही तैयारियां..

### दो को पुराने राम मंदिर में होंगे विविध कार्यक्रम..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्म नगरी लांजी में 2 अप्रैल श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विविध आयोजन आयोजित होने जा रहे है। जिसमे विधि पूर्वक श्री हनुमान जी का अभिषेक पूजन आरती तथा महाप्रसाद वितरण सहित जीवंत झांकियो के भी आयोजन धार्मिक संगठनो के द्वारा आयोजित किये जायेंगे।***




### पुराने राम मंदिर में अभिनंदन बाल ग्ररुप का लगातार 22वाँ वर्ष..

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अभिनंदन बाल ग्ररुप के द्वारा पुराने श्रीराम मंदिर में श्री हनुमान प्रकटोत्सव बडे भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से अभिषेक पूजन, दोपहर 12 बजे महाआरती पूजन तथा संध्या बेला में शाम 7 बजे से महाप्रसादी वितरण की जावेगी। क्षेत्र की समस्त जनता से अभिनंदन बाल ग्ररुप के द्वारा उक्त धार्मिक अनुष्ठान में पंहुचकर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

### नये श्रीराम मंदिर में सुन्दर काण्ड एवं महाप्रसादी वितरण..

नगर के नये श्री राम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 अप्रैल को भक्ति भाव श्रृद्धा के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा। प्रातः बेला में श्री राम दरबार एवं श्री हनुमान जी महाराज जी का अभिषेक पूजन किया जाकर प्रसाद वितरण किया जायेगा। दोपहर 1 बजे से संगीतमय सुन्दर काण्ड का आयोजन किया तथा संध्या बेला में महाआरती पूजन के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। सेवा में माँ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति गुजरी चौक लांजी रहेगी। समिति के अध्यक्ष मनीष लालू अग्रवाल एवं समस्त सदस्यो ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि उक्त आयोजन में पंहुचकर महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करें।

## अयोध्या में यज्ञ स्थल पर लगी भीषण आग, पंडाल जलकर खाक, सामने आया वीडियो..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अयोध्या में सरयू नदी के पास स्थित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल पर आग लग गई। दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया, जिससे आगे किसी भी तरह के नुकसान को टाल दिया गया।***



अयोध्या के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि 'यहां पर सरयू नदी कि किनारे एक महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसमें हमें सूचना प्राप्त हुई कि एक पंडाल में आग लगी है।

### आग से कोई जनहानि नहीं हुई: डीएम..

सूचना प्राप्त होते ही दमकल विभाग की गाड़ी को मौके पर भिजवाया गया और आग को नियंत्रण में लाया गया। किसी प्रकार की जनहानि, पशुहानि या अन्य हानि नहीं हुई है। यज्ञ समाप्त हो चुका है जिस कारण ये यज्ञशाला खाली पड़ी थी। कुल मिलाकर यहां जो आग की घटना हुई थी उसे समय रहते नियंत्रित किया गया। दमकल की गाड़ियां अपना कार्य कर रही हैं, स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी यहां मौजूद हैं। प्रशासन के लोग यहां पर मौजूद भीड़ से आग्रह कर रहे हैं कि वे यहां से प्रस्थान करें।

### यज्ञ समाप्त होने के बाद लगी आग..

जानकारी के मुताबिक, आग दोपहर करीब 12 बजे लगी, जिसने एक एकड़ में फैले पंडाल को कुछ ही मिनटों में राख में बदल दिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, क्योंकि घटना के समय यज्ञ स्थल खाली था। यज्ञ समाप्त होने के कुछ ही देर बाद यह घटना हुई। यह यज्ञ स्थल राम मंदिर से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। शुरुआती जांच के मुताबिक, अनुष्ठान के बाद नारियल फोड़ते समय निकली एक चिंगारी से कपड़े के पंडाल में आग लग गई होगी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यज्ञ स्थल पर 1,251 हवन कुंड बनाए गए थे और अंतिम दिन 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अधिकांश लोग वहां से जा चुके थे, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यदि पंडाल में लोग मौजूद होते, तो इस घटना के कारण भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गणेशी तालाब के सामने हुआ जल मंदिर का शुभारंभ..

जगप्रेरणा लांजी।

***जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ - मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति लांजी द्वारा मृणाल मीणा कलेक्टर एवं सुशील बर्मन जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ गणेशी तालाब के पास किया गया।***





शुभारंभ अवसर पर पूर्व सेनि सैनिक एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र रामटेक्कर, नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, पार्षद मुकेश रणदिवे, संतोष नगपुरे विकासखण्ड समन्वयक द्वारा गंगा जी एवं नर्मदा जी को स्मरण कर पूजा अर्चना कि गई। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक द्वारा बताया गया भीषण गर्मी के मध्य नजर समस्त विकासखण्ड में प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से जल मंदिर बनाए जा रहे हैं। जिससे राहगीरो को शीतल शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एमएसडबल्यू एवं निर्माण कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिन्हें स्वेता धारने द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जल का दुरुपयोग न करने सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कैलाश ब्रम्हपुरे अध्यक्ष नगर विकास प्रस्फुटन समिति सचिव भानुप्रताप प्रजापति ,शुभम गेडाम, अनुसूइया पांजरे, वैश्नवी गजभिए, रितु धारने सहित व्यवसायी बंधु उपस्थित रहे।

## हाजीपुर में नवरात्र गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा, एक की मौत और दो लापता..



डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के हाजीपुर में देसरी थाना क्षेत्र के गनियारी में चैत्र नवरात्र के अवसर पर गंगा स्नान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। स्नान के दौरान 7 महिला एवं युवतियां गंगा नदी में डूबने लगीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।***

हालांकि, स्थानीय लोगों की तत्परता से कई महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन इस घटना में एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान नयागांव बरियारपुर गांव निवासी रिद्धु राय की 18 वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, इस दुर्घटना में दो युवतियां अब भी लापता बताई जा रही हैं, जिनकी तलाश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही देसरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सभी महिलाएं चैत्र नवरात्र के अवसर पर गंगा स्नान करने गई थीं, इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है।

### पटना में तीन युवकों की गंगा नदी में डूबने से हुई मौत..

वहीं, पटना में बीते बुधवार को सुबह गंगा नदी में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, घटना राज्य की राजधानी के मालसलामी थाना क्षेत्र में स्थित एक घाट पर हुई। मृतकों की पहचान गणेश कुमार, रोहित कुमार और शिव कुमार के रूप में हुई है। तीनों पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के निवासी थे। मालसलामी थानाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने बताया, 'सुबह करीब सात बजे तीन युवक गंगा नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान वे डूब गए।' उन्होंने कहा कि पुलिस ने एसडीआरएफकी टीम की मदद से 18-18 वर्ष के गणेश और रोहित को नदी से निकाला। थानाध्यक्ष ने बताया, 'उन्हें इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।'



















दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गणेश भदाड़े आमगांव
मो. 7745823591

पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा..

# अक्षय तृतिया 19 अप्रैल को ग्राम कामठा में भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह -2026

### सामुहिक विवाह में पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***पिछले अनेक वर्षो की परम्परा अनुसार इस वर्ष भी ग्राम कामठा में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रविवार 19 अप्रैल 2026 को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के*** मार्गदर्शन में प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। संस्था द्वारा पिछले अनेकों वर्षो से कामठा में सामुहिक विवाह का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। सामुहिक विवाह में विवाह करने हेतु पंजीकरण प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह में विवाह कर रहे नवयुगलों को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की ओर से मंगलसुत्र सेट, गृह उपयोगी बर्तन सेट, टेबल पंखा, सुटकेस एवम् दिवार घड़ी आदी उपहार स्वरुप दिए जाएंगे, वहीं राज्य शासन की शुभ मंगल योजना अंतर्गत 25,000/- रुपये प्रति युगल का अनुदान दिलाया जायेगा । वर-वधू में किसी एक पक्ष के एस/एसटी होने तथा अन्य के ओबीसी-जनरल होने पर, अंतरजातीय विवाह कर रहे नवयुगलों को शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा 50,000/- रुपये की प्रोत्साहन राशी दी जाएंगी।

ज्ञात रहे कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्न एवं मार्गदर्शन में गत वर्षो में रामनवमी एवम् अक्षयतृतिया के शुभअवसर पर सैंकड़ो युगलों का सामुहिक विवाह आयोजित भव्य सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह में संपन्न हो चुका है, जिसकी सर्वत्र चर्चा है। ग्राम कामठा में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा आयोजित सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह में नवबौद्ध युगलों का विवाह बौद्ध पद्धती से एवं हिन्दु युगलों का विवाह हिन्दु विवाह पद्धती से पुरे रितीरिवाज के साथ संपन्न कराया जाता है। हजारों की संख्या में पधारे अतिथियों की भोजन व्यवस्था के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विवाह उपरांत भव्य लावणी की व्यवस्था की गई है, यह विशेष उल्लेखनीय है, वहीं पिछले वर्षो में आयोजित सर्वधर्म सामुहिक विवाह समारोह आज भी लोगों की स्मृति में बना हुआ है।

पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सामुहिक विवाह को बढावा देने की दृष्टि से, समस्त नागरीकों को कामठा में आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में उपस्थित रहकर, परिणयबद्ध हो रहे नवयुगलों को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील संस्था अध्यक्ष विशाल अग्रवाल एवं सचिव प्रफुल गोपालदास अग्रवाल ने की है। अधिक जानकारी हेतु पुर्व जिप सदस्य अर्जुन नागपुरे 9423113566 एवंम गुड्डु ठाकुर से मो. नं. 09404118858 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राममय हुआ आमगांव नगर श्रीराम जन्मोत्सव का विराट आयोजन..

### धुमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा, भारी जनसैलाब में उमड़े रामभक्तों का मनोभावों से जगह जगह किया गया स्वागत..

गणेश भदाड़े, जगप्रेरणा आमगांव।










***श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति और सकल समाज, आमगांव की ओर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई,*** जिसने की एक बार फिर ना सिर्फअपने भव्य आयोजन से आमगांवा वासियों का मन मोह लिया, इस भव्य शोभायात्रा ने आमगाव तहसील के हजारो रामभक्तो के समुचे गोंदिया जिले का ध्यान आकर्षित किया श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा ने सभी का मन मोह लिया, तथा यह कहने से भी लोग नहीं चुके कि भव्य शोभायात्रा, आकर्षक झांकियों एवं साज सज्जा अदभुत रही आमगांव में संपन्न हुई भव्य शोभायात्रा की चर्चाएं संपूर्ण जिले में विद्यमान रहेगी

### अयोध्या के श्रीराम, मां काली संहित बनाई गई जीवंत झाकियां..

गौरतलब है कि प्रतिवर्षाअनुसार इस वर्ष भी भव्य धुमधाम से तथा बैंड बाजों और ढोल ताशों के साथ भगवा वस्त्र धारण कर शामिल हुए नगर वासियों की उपस्थिति में 28 मार्च 2026 को भव्य शोभायात्रा शाम 4 बजे साहित्य मंडल, रिसामा से प्रारंभ हुई, जो कि आंबेडकर चौक, गांधी चौक, कामठा चौक, पुनः गांधी चौक, नटराज मार्ग, बनियामोहल्ला मार्ग होते हुए प्राचीन राजा रामलला सरकार मंदिर पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया। समापन स्थल पर भव्य महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। शोभायात्रा की खास बात यह रही कि इस शोभायात्रा में आकर्षक एवं जीवंत स्वरुपों में देवी देवताओं की झांकियां तैयार की गई इन झांकियों में अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा की तरह ही एक बालक को जीवंत श्रीराम के रुप में तैयार किया गया। इसी प्रकार भव्य आकर्षक रथ में श्रीराम, लक्ष्मण, सीतामाता, मां काली के स्वरुप के साथ ही, वनवासी राम, लक्ष्मण की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। नन्हे नन्हें बच्चों को सजाकर भगवान स्वरुपों में झांकी के रुप में जब रथों पर सवार किया गया, तो ऐसे स्वरुप को देखने के लिये और उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ भी रामभक्त महिला पुरुषों में देखी गई।

### महिलाओं ने किया शौर्य नृत्य का प्रदर्शन..

भगवान श्री राम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आमगांव में निकली भव्य शोभायात्रा में भगवा टोपी पहनकर जहां जय जय श्रीराम के नारे लगाते हुए यूवा नजर आ रहे थे, वहीं विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ ही यूवा नेता बालाराम व्यास गदा हाथ में लेकर दिखाई दिये। इसी प्रकार बड़ी संख्या में भगवा साफे पहनकर जहां महिलाएं और युवतियां शोभायात्रा में शामिल हुई, तो वहीं रामधुन पर जमकर नृत्य प्रदर्शन भी किया गया। रामभक्ति में झुमते जनसैलाब के बीच ही महारानी लक्ष्मीबाई की तरह हाथ में तलवार लिये महिलाओं के समूह ने शोभायात्रा में शौर्य नृत्य की प्रस्तुती भी दी, जिसे देखकर महिला सशक्तिकरण का महिलाओं ने अहसास भी करा दिया। इसी प्रकार भूतों की टोली के साथ भगवान भोलेनाथ की नृत्य प्रस्तुती ने भी नगर वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### जगह जगह शोभायात्रा का किया गया स्वागत..

शोभायात्रा जब अपने गंतव्य की ओर निकली, तो आमगांव शहर में जगह जगह संस्थाओं और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की ओर से जलपान, फ्ल, आईस्क्रीम, छाछ, दुध कोल्ड्रींक, शरबत आदि का वितरण कर शोभायात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत सत्कार किया गया शोभायात्रा ने आमगाव तहसील वासियो का मन मोह लिया सकल समाज द्वारा निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा मे सभी समाज व मंडलों की सुदंर झांकियां ने सभी राम भक्तो का मन मोह लिया जिसमे पवार समाज महिला समिति - राम दरबार अग्रवाल समाज महिला समिति। मत्स्य अवतार -शक्ति ग्रुप / ब्राम्हण समाज महिला समिति। वामन अवतार-असाटी समाज महिला समिति।श्री परशुराम जी अवतार- तेली समाज महिला समिति - रामलला अवतार सुरभि गौशाला महिला समिति- श्रीकृष्ण अवतार गुप्ता समाज महिला समिति।श्री भगवान बुद्ध जी अवतार- श्री प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विद्यालय, आमगांव। रामेश्वरम झांकी- कलार समाज महिला समिति रिसामा/ आमगांव। विठ्ठल-रुखमाई वारि पंढरपुर झांकी।

आमगांव मे इस ऐतिहासिक रैली पुरे 2 किमी लंबाई की थी आमगाव की इस रैली ने फिर एक बार इतिहास रचा उपविभागीय पोलिस अधिकारी प्रमोद मडांमे के मार्गदर्शन मे पोलिस निरीक्षक तिरुपति राणे के नेत्रुत्व मे उत्कृष्ट रैली के समय उत्कृष्ट यातयात व्यवस्था की गई।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### मंदीर दर्शन करने गई सास बहु के गहने के चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/3/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान गजानन मंदीर तिरोडा मे महीला फर्यादी उम्र 54 वर्ष निवासी तिरोडा अपनी बहु के साथ रामनवमी कार्यक्रम के लिये गजानन मंदीर गई। मंदिर मे भिड के दौरान फर्यादी महीला की चैन 16 ग्राम किमत 70 हजार और बहु का मंगलसुत्र 13.750 ग्राम किमत 70 हजार रुपये कुल 1 लाख 40 हजार माल भिड मे किसी ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 349/2026 धारा 303,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा बावने पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### मॉ को गाली क्यो देता है बोलने पर भाई ने बहेन से मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/3/2026 के 7 बजे के दरम्यान फर्यादी और आरोपी भाई बहन होकर घटना के समय भाई बाहर से शराब पिकर आया, और मॉ को गाली दे रहा था। बहन ने बोली मा को क्यो गाली दे रहा है, तो आरोपी ने गालीगलौच कर इटे से सरपर मारकर जख्मी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे 184/2025 धारा 118,1,352,351,2 भान्यास 2026 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा गौरीशंकर कोरे 1642 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### नकली महिला खडी कर की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 25/4/2025 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान सहायक दुय्यम निबंधक ऑफीस गोंदिया मे 7 आरोपियो ने मौजा नागरा के गट क्रमांक 2241/2025, 0.06 आर जमीन आरोपी नकली महिला को खडी कर रजीस्ट्री कराकर धोखाधडी करने से फर्यादी अविनाश यशवंत जाधव उम्र 24 वर्ष निवासी रिंग रोड की शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 277/2026 धारा 319, 2, 336, 3, 340, 2, 336, 3, 339, 61,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी अनिल डोंगरवार पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### जाली कागज पर जन्माप्रमाण बनाकर की धोखाधडी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/10/2024 से दिनांक 26/10/2025 के दरम्यान रामनगर गोंदिया मे आरोपी ने भार्गवी जितेन्द्र अतकरे तिरोडा 1 वर्ष, तेजस्वी रामदयाल पटले तिरोडा 5 महीने दोनो बालको को अपनी दवाखाने मे डिलीवरी हुई बताकर गोंदिया नगर परिषद से जन्मदाखला बनाया और बिना कागजपत्र कार्यवाही कर दत्तक पत्र बनवाकर दोनो बच्चो को बिक्री करने से आये जॉच अहवाल सरतर्फे अक्षय संपत वळसे पोस्टे रामनगर की शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 173/2026 धारा 322, 318, 4, 336, 2,340,2, भान्यास 2023 सहकलम 80,81, बालक हक्क व संरक्षण कानुन 2015 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी वाघमोडे पोस्टे रामनगर कर रहे है।**

# वन डे मल्टी-डिसिप्लिनरी नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***गोंदिया एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित मनोहरभाई पटेल कॉलेज ऑफआर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस, गोंदिया के आईक्यूएसी एवं वुमेन सेल के*** संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 2 अप्रैल 2026 को 'वुमेन्स इम्प्रूवमेंट एंड जेंडर सेंसिटाइजेशन' विषय पर एक दिवसीय मल्टी-डिसिप्लिनरी नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हायब्रिड मोड में किया जा रहा है।


यह सम्मेलन विभिन्न महाविद्यालयों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्वर्गीय परशुराम शिक्षण संस्था द्वारा संचालित संस्था के सचिव श्री जी के दसरिया इनके मार्गदर्शन से जी.के. कला व विज्ञान महिला महाविद्यालय, कावराबांध,एस चंद्रा महिला महाविद्यालय, सडक अर्जुनी,श्री संत गाडगे महाराज महाविद्यालय, हिंगणावैदिक पीजी उमेश कॉलेज, जयपुरका सहभाग रहेगा। साथ ही ब्रेव सोल फाउंडेशन, नई दिल्ली तथा यशवंत कीर्ति भवन फाउंडेशन, धुळे का विशेष सहयोग प्राप्त है।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा समाज में जेंडर सेंसिटाइजेशन के प्रति जागरूकता निर्माण करना है। कार्यक्रम में देशभर के प्राध्यापक, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन माध्यम से सहभागिता करेंगे।

सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन, शोधपत्र प्रस्तुति एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर गहन जानकारी प्राप्त होगी।

संस्था के प्राचार्य एवं आयोजन समिति ने सभी प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों से इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में सहभाग लेने का आवाहन किया है।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) द्वारा तालुका अध्यक्षों की नियुक्ति घोषित



राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी
शरदचंद्र पवार
रविकांत (गुड्डू) खुशाल बोपचे
जिल्हा अध्यक्ष, राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी श.प. गोंदिया
संपर्क क्र. : 9923206852
email: ncpspgondia@gmail.com

जावक क्र. NCP-SP/Gondia/Appointment/05/2026 दिनांक : 28/03/20

सप्रेम नमस्कार,

मा. प्रांताध्यक्ष आ. श्री शशिकांत जी शिंदे साहेब यांच्या मान्यतेने खालीलप्रमाणे नियुक्त्या करण्यात येत आहेत.

| अ. क्र. | नाव | पद |
|---|---|---|
| १ | श्री विजय चंद्रकुमार वाढई | सालेकसा तालुकाध्यक्ष |
| २ | श्री अरुण प्रेमलाल आचले | देवरी तालुकाध्यक्ष |
| ३ | श्री घनशाम मोतीराम कापगते | सडक अर्जुनी तालुकाध्यक्ष |

आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मविभूषण खा. श्री शरदचंद्र जी पवार साहेब यांच्या विचारानुसार व पक्षाच्या राष्ट्रीय कार्याध्यक्षा मा. खा. श्रीमती सुप्रियाताई सुळे, प्रदेशाध्यक्ष मा. आ. श्री शशिकांत जी शिंदे साहेब, प्रदेश सरचिटणीस तथा प्रभारी सर्व सेल व आघाडी मा. आ. श्री रोहीतदादा पवार यांच्या मार्गदर्शनाखाली पुढील काळात राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार पक्षाच्या माध्यमातून सर्वसामान्यांच्या विकासासाठी आपण भरीव कार्य कराल व पक्ष संघटना मजबुतीने उभी कराल हि अपेक्षा !

आपल्या निवडीबद्दल आपले अभिनंदन...!

जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से गोंदिया जिले के तीन तालुका अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई है।***

यह नियुक्तियां पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मा. आ. श्री शशिकांत शिंदे की स्वीकृति से जिलाध्यक्ष श्री रविकांत खुशाल बोपचे द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई हैं। घोषणा के अनुसार, सालेकसा तालुका अध्यक्ष पद पर श्री विजय चंद्रकुमार वाढई, देवरी तालुका अध्यक्ष पद पर श्री अरुण प्रेमलाल आचले तथा सडक अर्जुनी तालुका अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्री घनशाम मोतीराम कापगते को सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद श्री शरदचंद्र पवार के विचारों और वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वे संगठन को मजबूत करने और आम जनता के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी की ओर से अभिनंदन किया गया है तथा उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलने का विश्वास जताया गया है।



जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भगवान श्री महावीर जन्मकल्याणक पर सकल जैन समाज द्वारा 4 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन..

## आज 29 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर और 30 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिगम्बर जैन समाज ट्रस्ट मंडल, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, श्री जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी संघ के संयुक्त तत्वाधान में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव चार दिवसीय कार्यक्रमों के तहत धुमधाम से मनाया जा रहा है।*

इस संबंध में श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक उत्सव समिति के संयोजक हिरेश जैन, वैभव सिंगी एवं किरिट शाह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 दिवसीय कार्यक्रमों के तहत 28, 29, 30 एवं 31 मार्च को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सेवाकार्यों के आयोजन के साथ उत्साहपूर्वक भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक उत्सव मनाया जा रहा है।

चार दिवसीय कार्यक्रमों में प्रथम दिवस 28 मार्च को प्रातः 6.36 बजे से प्रभात फेरी से कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। यह प्रभात फेरी शांतिनाथ जैन मंदिर, रामदेव कालोनी गोंदिया से शुरु हुई तथा 108 नवकार महामंत्र का जाप भी किया गया।

### आज 29 मार्च को रक्तदान शिविर और बाईक रैली का आयोजन..

श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक उत्सव समिति के संयोजक हिरेश जैन, वैभव सिंगी एवं किरिट शाह ने आगे बताया कि आज 29 मार्च दिन रविवार को सर्वप्रथम सुबह 6.36 बजे से सरदार पटेल कालोनी के पास से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। इसके उपरांत सुबह 10.30 बजे से श्री जैन कुशल भवन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, इसी प्रकार दोपहर 3 बजे से सभी वर्गों के लिये बाईक रैली दोपहर 3 बजे से जैन कुशल भवन से निकाली जायेगी।

### 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा..

भगवान श्री महावीर जन्म कल्याणक उत्सव समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर 30 मार्च दिन सोमवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शोभायात्रा सुबह 9.36 बजे दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में बैंडबाजों की धुन पर नाचते गाते बड़ी संख्या में सकल जैन समाज बंधु पुरुष, महिला, बच्चे, युवा सभी शामिल होंगे। 30 मार्च दिन सोमवार को ही दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी का महाभिषेक कार्यक्रम 11.51 बजे से प्रारंभ होगा, तथा दोपहर 12.11 बजे से जैन कुशल भवन में स्वामी वात्सल्य कार्यक्रम संपन्न होगा। इसी प्रकार शासकीय अस्पतालों में मरीजों को दोपहर 3 बजे से फल वितरण किया जायेगा, तथा शाम 7 बजे से तीनों ही मंदिरों में भव्य महाआरती का कार्यक्रम संपन्न होगा।

### 31 मार्च को होंगे यह कार्यक्रम..

श्री भगवान महावीर जन्मकल्याणक दिवस पर 31 मार्च दिन मंगलवार को युबह 6.36 बजे प्रभात फेरी का शुभारंभ हनुमान मंदिर सिव्हिल लाईन से होगा। इसी प्रकार आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में सुबह 8.45 बजे श्री महावीर प्रभु का स्नात्र महोत्सव, सुबह 9.36 बजे श्री महावीर पंचकल्याणक पूजा संपन्न होगी। वहीं गौ शाला मुर्री में दोपहर 4.15 बजे से जीव दया कार्यक्रम के तहत सभी गौ माताओं को चारा एवं रोटी का वितरण किया जायेगा, वहीं रात्रि में 8.15 बजे से जैन कुशल भवन में जैन अंताक्षरी एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रमों में सकल जैन समाज बंधुओं से सपरिवार उपस्थिति की अपील की गई है।

# सरपंच हो तो हर्ष मोदी जैसा..

- विधिवत प्रक्रिया का पालन कर बचाए शासन के 50 लाख रुपये..
- 1.47 करोड़ के कार्यों की उपलब्धि में शासन की बचत करने वाले प्रदेश के पहले सरपंच बने सौंदड़ के हर्ष विनोद कुमार मोदी
- सामाजिक, राजनीतिक, सेवा कार्यों में अग्रणी मिसाल है हर्ष मोदी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत की शासकीय प्रणाली से लेकर पंचायती राज्य व्यवस्थाओं तक में जब भी किसी विभाग से लेकर पंचायतों तक कोई विकास कार्य संपन्न करवाये जाते हैं, तो इन कार्यों में शासन द्वारा स्वीकृत निधि भी कई बार निर्माण कार्यों में कम पड़ती दिखाई जाती है, और जब निविदाएं जारी की जाती है, तो सांठ गांठ कर ठेकेदारों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए या तो स्वीकृत राशि* की दर के समरुप या फिर उससे कुछ अधिक राशि पर निविदाएं भर कर कार्यों की स्वीकृति ली जाती है, और इस प्रक्रिया का इस तरह से परिपालन करने का मतलब ही यह होता है कि उसमें मंत्री, अधिकारी, सरपंच आदि के भी कमीशन होते हैं, तथा सभी के लाभांश की व्यवस्थाओं के साथ ही स्वीकृत कार्यों को अंजाम तक पहुंचाया जाता है।

इस तरह की व्यवस्थाएं आज के दौर में मानो एक स्वाभाविक दस्तूर का रुप ले चुकी है, लेकिन इसके विपरित गोंदिया जिले की ग्राम पंचायत सौंदड़ के सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी हैं, जिन्होंने कि शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों में बिना किसी भी प्रकार के समझौते के प्रस्तावों के विधिवत निविदा प्रक्रिया का ईमानदारी से पालन कर स्वीकृत कार्यों को 37 प्रतिशत कम राशि तक में टेंडर करवाकर शासन की ओर से प्राप्त 1 करोड़ 47 लाख की निधि में लगभग 50 लाख रुपये शासन के बचाने का कार्य कर दिखाया है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है, माना जा सकता है कि पुरे महाराष्ट्र में सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी एकमात्र ऐसे सरपंच हो सकते हैं, जिन्होंने कि इतनी बड़ी राशि बचाकर एक रिकार्ड कायम कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है।

सरपंच हर्ष मोदी गोंदिया जिले के सौंदड़ ग्राम पंचायत के ऐसे सरपंच है, जिनके कार्यों और कार्यक्रमों की गूंज पुरे गोंदिया भंडारा जिले में सुनाई देती है। जनसेवा के लिये रात और दिन समर्पित सरपंच हर्ष मोदी के कार्यों का अवलोकन किया जाए तो निश्चित ही यह कहना ही होगा कि वास्तव में किसी भी ग्राम से लेकर संसद तक जनप्रतिनिधि हो तो सरपंच हर्ष मोदी जैसा हो, जिन्होंने कदम कदम पर सेवा और ईमानदारी की मिसाल पेश की है।

### इस तरह प्रक्रिया के साथ चले हर्ष मोदी..

गौरतलब है कि हाल ही में ग्राम पंचायत सौंदड़ में विशेष मासिक सभा का आयोजन सरपंच हर्ष विनोदकुमार मोदी की अध्यक्षता में किया गया। इस सभा में लगभग रुपये 1 करोड़ 47 लाख के विकास कार्यों हेतु निविदा प्रक्रिया सरपंच द्वारा पूर्ण की गई। सभी स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराने के लिये सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी ने पारदर्शी ऑफलाइन ओपन टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराई। निविदा की जानकारी प्रमुख समाचार पत्रों बड़े ब्रांड अखबारों जैसे दैनिक भास्कर, सकाळ और देशोन्नति में प्रकाशित की गई, साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पूरे जिले एवं महाराष्ट्र के ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया। इस निविदा प्रक्रिया में लगभग 33 से 35 ठेकेदारों ने भाग लिया, जिससे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बना, और इसका परिणाम यह रहा कि निविदाएं लगभग निर्धारित राशि से 37 प्रतिशत कम तक ठेकेदारों द्वारा भरी गई, जिससे कि शासन के लगभग 50 लाख रुपये बचाय जा सके।

### विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य स्वीकृत..

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत विकास कार्यों में 15 वें वित्त आयोग, माझी वसुंधरा अभियान, ग्राम निधि, पानीपुरवठा (जल आपूर्ति) तथा अन्य योजनाओं के अंतर्गत कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व में स्वीकृत लगभग रुपये 3 से रुवये 3.5 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन भी शीघ्र किया जाएगा। सरपंच हर्ष मोदी से चर्चा किये जाने पर उन्होंने बताया कि इन कार्यों का भूमिपूजन जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भंडारकर, क्षेत्र के आमदार राजकुमार बडोले तथा परिणय फुके के हस्ते किया जाएगा।

### जब हर्ष मोदी के प्रतिनिधित्व में आयोजित होते है कार्यक्रम..

गौरतलब है कि नागपुर रायपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम पंचायत सौंदड़ स्थित है। गोंदिया जिले की इस ग्राम पंचायत के सरपंच हर्ष विनोद कुमार मोदी बाल्यकाल से ही विभिन्न विधाओं के साथ साथ सेवा कार्यों में अग्रणी रहे हैं।

ग्राम विकास के लिये ग्राम विकास पैनल का निर्माण करने के साथ ही हर्ष मोदी ने सरपंच बनने से पहले और सरपंच बनने के बाद विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, रक्तदान शिविरों का आयोजन, महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन, पतंग प्रतियोगिता के आयोजन संहित अनेक सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों को वृहद पैमाने पर आयोजित करने का क्रम जारी रखा है, तथा हजारों की संख्या में उनके नेतृत्व में लोगों की उपस्थिति देखकर हर्ष मोदी का लोगों से जुड़ाव और पारिवारिक स्नेह को समझा जा सकता है। हर्ष मोदी जिले के ऐसे सरपंच है जो कि भव्य स्वरुप में रक्षाबंधन का त्यौहार भी आयोजित करते हैं, जब हजरों की संख्या में ग्राम क्षेत्र की महिलाएं उन्हें अपना भाई स्वीकार करते हुए राखी बांधती है, और शुभआशीष प्रदान करती है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक

गोंदिया में.. दैनिक
जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - सांई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया

# जब टाईगर रिजर्व हो सकता है तो गौ माता रिजर्व क्यों नही हो सकता.. - मंत्री आशीष जायसवाल

- गोंदिया पिंडकेपार स्थित श्रीकृष्ण गौरक्षण सभी की सौ वर्ष पूरानी गौशाला का मंत्री आशीष जायसवाल ने किया निरीक्षण..
- गौशाला प्रशासन, गौसेवा देखकर की प्रसन्नता व्यक्त, गौशाला के उत्थान एवं विकास हेतु यथोचित सहयोग का दिया आश्वासन..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*मैंने अपने जीवनकाल में अनेक गौशालाएं देखी। गौशाला का दौरा किया, बैंगलोर स्थित श्री श्री रविशंकर जी की गौशाला को भी देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं देवलापार स्थित गौसेवा अनुसंधान केन्द्र का सदस्य भी हुं, परंतु इतनी बड़ी गौशाला जिसका सुंदर प्रशासन हो, इतनी सुंदर गौ सेवा हो, एवं इतना स्वच्छ वातावरण हो, मैंने नहीं देखा। निश्चित ही सभी गोंदियावासी गौसेवा करने वाले मंडल के सभी* गौप्रेमी भक्तों को मेरा शत शत नमन है। मुझे इन सभी का स्वागत करना चाहिये, ना कि आप मेरा स्वागत करें, इस तरह के उद्‌गार राज्य के वित्तराज्य मंत्री, कृषि नियोजन, मदद व पुनर्वसन, विधि व न्याय एवं कामगार राज्यमंत्री आशीष जायसवाल ने गोंदिया के पिंडकेपार स्थित श्रीकृष्ण गौरक्षण सभी की गौशाला में भेंट के दौरान व्यक्त किये।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जिस भावना से आप सभी गौमाताओं की सेवाएं कर रहे हैं, मैं भी आज से आपकी गौशाला से जुड़ गया हूं, और इस गौशाला को बेहतर बनाने के लिये जो भी मुझसे बन सकेगा, मैं अवश्य करने का प्रयास करुंगा। गौरतलब है कि राज्य के मंत्री आशीष जायसवाल का श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के निवेदन पर दिनांक 27 मार्च की रात में पिंडकेपार गौशाला में आगमन हुआ।

इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल के आगमन पर सर्वप्रथम उन्होंने गौमाताओं का पूजन किया, तत्पश्चात संपूर्ण गौशाला का रात्री 9.00 बजे पूरा निरीक्षण किया। प्रत्येक दाना, चारा स्टॉक, गोदाम, प्रत्येक गाले के गौवंश, हरे चारे की व्यवस्था, शेड, गोदाम आदि का अवलोकन किया, तो वहीं इसके उपरांत श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के सेवाकार्यों को प्रोत्साहित भी किया। गौरतलब है कि मंत्री आशीष जायसवाल के गौशाला में आगमन पर श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, सचिव राजेश व्यास, कोषाध्यक्ष दिनेश जयपुरिया, सुमित भालोटिया, राम अग्रवाल व अन्य उपस्थित सदस्यों एवं गौ प्रेमियों द्वारा मंत्री श्री जायसवाल का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात सचिव राजेश व्यास ने गौशाला के गौरवशाली इतिहास तथा गौप्रेमी तथा प्रतिदिन की जाने वाली गौ सेवा संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सचिव राजेश व्यास द्वारा शासन से गौशाला को अनुदान प्रदान करने संबंधी आवेदन दिया, जिसमें गौशाला परिसर को तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाए, टिकायतपुर जमीन पर नंदी गौशाला के निर्माण हेतु 50 लाख के सहयोग, साईलेज मशीन 25 लाख के सहयोग, शासकीय पशु चिकित्सालय से एक पूर्णकालीन डॉक्टर की गौशाला हेतु नियुक्ति, गौशाला में पूरी बाऊंड्री वॉल के निर्माण हेतु 25 लाख रुपये, गौ सेवा आयोग द्वारा सिर्फ 3 वर्ष से ऊपर के आयु के गौवंश को परिपोषण अनुदान के नियम में परिवर्तन करने संहित अनेक मांगों को मंत्री महोदय के समक्ष रखा, जिस पर मंत्री आशीष जायसवाल ने सभी विषयों पर सकारात्मक आश्वासदन दिया, तथा कहा कि जब टाईगर रिजर्व बन सकता है तो फिर गौ क्षेत्र क्यों नहीं बन सकता। मंत्री श्री जायसवाल ने आगे कहा कि आने वाले समय में सरकारी खुली जगह पर हरी घांस लगाने हेतु निःशुल्क जगह दी जायेगी, तथा इससे बचत गट के माध्यम से हरी घांस की पैदावार को बढ़ावा दिया जायेगा। मैं आपकी सभी मांगों से सहमत हूं, तथा जल्द से जल्द आपकी मांगों को पूर्ण करने का प्रयास मेरी ओर से अवश्य होगा ऐसा भी आश्वासन मंत्री आशीष जायसवाल ने श्री कृष्ण गौरक्षण सभा को दिया। इस दौरान गौ माताओं के पेट में प्लास्टिक ना जाए, इसके लिये प्लाष्टिक का प्रयोग वर्जित करने संबंधी लोगों से गौशाला की ओर से आहवान करने हेतु भी मंत्री जायसवाल ने आहवान किया। इस दौरान श्रीराम अग्रवाल ने परिपोषण अनुदान में अनियमितता पर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित कराया, साथ ही साथ कृषि विभाग द्वारा ट्रैक्टर, ट्राली व अन्य खेती सामग्रीयां गौशाला को मुफ्त प्रदान करने संबंधी निवेदन भी दिया, जिस पर मंत्री श्री जायसवाल ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया। श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा द्वारा मंत्री जायसवाल का शॉल श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अपूर्व अग्रवाल ने किया, राम अग्रवाल एवं समस्त गौ प्रेमियों ने मंत्री जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com